तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 28 जून 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

02 धमधा ब्लॉक में खोली जा रही शराब की तीन नई दुकानें, विरोध में ग्रामीण



06 65 हमर क्लीनिक में से सिर्फ 18 में डॉक्टर, 36 में फर्नीचर तक नहीं भेजे







## खतरे में जान...

# क्योंकि नाली निर्माण के दौरान सड़क किनारे खुले में सरिया, जगह-जगह गड्ढे, सेफ्टी उपाय कुछ नहीं

### आरसीसी ड्रेन निर्माण में गड़बड़ी, कार्य एजेंसी ने बिलो में लिया काम, अब कर रहा खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घड़ी चौक सुपेला से पावर हाउस जाने वाली सड़क पर इन दिनों आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण में जमकर गड़बड़ी बरती जा रही है। काम बेहद घटिया स्तर का है। इतना ही नहीं जगह-जगह खुले में पड़े सरिया हादसे को आमंत्रित कर रहे हैं। गड्ढे और पड़े मलबे की वजह से हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर निगम गंभीर नहीं है, न ही अधिकारी ध्यान दे रहे हैं।वहीं कार्य एजेंसी इसलिए लापरवाह हो गई है कि उसने करीब 2 करोड़ रुपए के इस काम को करीब 60 लाख रुपए बिलो में काम लिया है। नगर निगम भिलाई की मॉनीटरिंग में यह काम हो रहा है, लेकिन घटिया निर्माण को लेकर न कोई जांच हो रही है, न कोई कार्रवाई। बता दें कि यह मार्ग सबसे व्यस्त है, जहां 24 घंटे वाहनों की आवाजाही है। वहीं व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, जिसकी वजह से हर समय लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बाद भी अनदेखी की जा रही है। सारे नियम-कायदों को ताक पर रखा जा रहा है। न ही स्टॉपर लगाया गया है और न यहां संकेतक हैं। सुरक्षा लिहाज से न लाइनिंग की गई है, न ही बाउंड्री की गई है। निर्माण के दौरान कोई वैकल्पिक इंतजाम तक नहीं किए गए हैं, जबकि निविदा शर्तों में यह सारे कार्य किए जाने हैं। आधी सड़क में निर्माण मटेरियल गिट्टी, रेत, सीमेंट का ढ़ेर लगा है। मिक्चर मशीन और पानी का टैंकर भी इस रोड में रखकर कार्य किया जा रहा है। दिनभर काम चलता है और उसके बाद पूरी रात मटेरियल यूं ही पड़ा रहता है।


जानिए आखिर हम क्यों कह रहे हैं कि हो रहा घटिया निर्माण

**लोहे का राड हो सकता है जानलेवा**

नाली निर्माण कार्य जिस जगह से किया जा रहा है वहां उसे पूर्ण नहीं किया जा रहा। नाली के नीचे और दोनों साइड सीमेंटीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है और दोनों किनारे ऊपर छड़ को छोड़ दिया गया है। बाद में नाली को ऊपर से सीमेंटीकरण कर ढ़कने का कार्य होना है। लेकिन मौजूदा खतरे को ये निकले हुए छड़ न्योता दे रहे हैं। इसलिए कि नेशनल हाइवे मार्ग होने के कारण यहां पर हर पल दुपहिया वाहन से लेकर बड़े वाहनों का आवागमन है। सुपेला अस्पताल, डॉगनोस्टिक सेंटर, बड़े वाहन शो रूम सहित कई दुकानें इस साइड पर है। इसलिए लोग यहां पर पैदल भी सड़क पार करते हैं। ऐसे में कहीं थोड़ी भी चूक हो गई तो नाली में छोड़े हुए राड उनके लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

**1** चार स्थानों की पुलिया निर्माण गुणवत्ताविहीन। कमला मेडिकल स्टोर्स, पांच रास्ता मार्ग, ट्रैवल्स एजेंसी और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के सामने पुलिया निर्माण किया गया है। इन चारों स्थानों का पुल निर्माण गुणवत्ताविहीन होने का अंदेशा है। इसलिए कि निर्माण जब शुरू हुआ तो निगम आयुक्त व अधीक्षण अभियंता ने यहां अवलोकन किया। इस दौरान निर्माण पर इन अधिकारियों ने असंतोष जताया था। उसके बाद ये चारों पुल बने हैं। उसके बाद अब तक जांच नहीं की गई है।

**2** 60 लाख बिलो रेट में टेंडर लेना निगम ने जब टेंडर निकाला तो यह 2 करोड़ की थी। उसके बाद भी इस आरसीसी नाली निर्माण को 60 लाख रुपए बिलो रेट पर टेंडर लिया गया। यानी जिस कार्य का टेंडर 1.40 करोड़ रुपए में लिया। नियम के हिसाब से सरकार को टीडीएस भी देना है। कमीशन भी देंगे। इस हिसाब से देखें तो 40 लाख रुपए यूं ही निकल जाएंगे। शेष 1 करोड़ रुपए से 2 करोड़ रुपए का कार्य कैसे होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

**3** निगम इंजीनियर नहीं कर रहे जांच इस आरसीसी नाली का निर्माण में मापदंडों का पालन इसलिए नहीं हो रहा कि निगम के टैक्नीकल विभाग ने अब तक कार्य की न प्रगति देखी है और न ही शर्तों व मापदंडों के अनुरूप निर्माण की स्थिति। जबकि निर्माण में इसका पालन हो रहा है कि नहीं यह बीच-बीच में जाकर देखना है। अब तक मौके का निरीक्षण नहीं किया है। सुरक्षा उपाय का पालन हो रहा है या नहीं यह संबंधित इंजीनियर को नहीं मालूम। कितने एमएम का रॉड इस्तेमाल होना है यह भी नहीं जानते।

**जांच करवा लेंगे**

“ अभी वहां जाकर निर्माण कार्य को नहीं देखा है। जब पूर्ण निर्माण हो जाएगा तो उसकी टैक्नीकल टैस्टिंग करेंगे। उसके बाद अंतिम भुगतान होगा। राड या सुरक्षा संबंधी उपाय नहीं किए गए हैं तो उसकी जांच करवा लेंगे। - **दीपक जोशी,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम भिलाई

**सदन में उठाया मामला**

“ टेंडर 2 करोड़ की जगह 60 लाख रुपए कम में लिया गया। इतने कम रेट पर ठेकेदार गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य नहीं करेगा। इसे मैंने सामान्य सभा के दौरान भी रखा लेकिन सत्ता पक्ष ने इसकी अनसुनी कर दी।
- **भोजराज सिन्हा**
नेता प्रतिपक्ष भिलाई

## संपत्तिकर पर 5 प्रतिशत की छूट

**भिलाई।** मकान और दुकान मालिकों के लिए फिलहाल भिलाई निगम ने बेहतर अवसर दिया है। संपत्तिकर में 5 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्ति कर जमा करने वालों के लिए वर्तमान में निगम भिलाई द्वारा 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस प्रकार जिन लोगों ने चालू वर्ष का संपत्तिकर नहीं जमा किया है, वे इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा यदि भूमि स्वामी द्वारा स्वविवरणी अनुसार अपने मकान/दुकान का क्षेत्रफल के संबंध में गलत जानकारी दिए हैं तो नगर निगम के टीम के जॉच के पूर्व कार्यालय आकर अपना स्वविवरणी सुधार कर लेवे। अन्यथा जांच में गलत जानकारी पाए जाने पर अंतर की राशि का 5 गुना पेनल्टी का प्रावधान है।

## समन और वारंट ऑनलाइन होंगे जारी

**दुर्ग।** न्यायपालिका को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा वर्चुअल माध्यम से राज्य के सभी जिलों में आपराधिक मामलों के लिए ई-समन सुविधा का आधिकारिक शुभारंभ हुआ। प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशन में जिले के सभी न्यायालयों में नियुक्त कोर्ट मोहर्रिर को इस नई व्यवस्था की जानकारी दी गई। उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि ई-समन प्रणाली लागू होने से न्यायालय से जारी समन और वारंट सीधे डिजिटल रूप में संबंधित थानों को प्राप्त होंगे। न्यायालयों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर संबंधित प्रकरणों में आदेश अनुसार ई- समन और वारंट सीआईएस (केस इंफॉर्मेशन सिस्टम ) के माध्यम से कुछ क्लिक में जारी कर सकेंगे। ये सीधे पुलिस विभाग के आईसीजेएस सिस्टम के माध्यम से संबंधित पुलिस थानों में साझा हो जाएंगे। संबंधित थाने के सिपाही उस समन को संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचाकर, फोटो खींचकर तामील कर रिपोर्ट अपडेट करने के बाद न्यायालय वापस भेजेंगे।



## खबर संक्षेप

### बेहतर भविष्य बनाने उच्च शिक्षा बहुत जरूरी हैः सुरेश



**निकुम।** स्व. मुकेश्वर से भारती कॉलेज निगम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश साहू ने कहा कि जीवन में उच्च शिक्षा बहुत जरूरी है। तभी हमें महत्वपूर्ण पदों पर पहचान मिलती है। निकुम पूरे अंचल के 15 गांव का केंद्र बिंदु है जिसमें बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल रही है वहीं में प्रवेश के लिए साहू ने नई पहल करते हुए ग्राम पंचायत में कोटवारों के माध्यम से बुनियादी कराकर कॉलेज में प्रवेश करने के लिए बेहतर पहल किया है। जिसमें कला विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, प्रथम सेमेस्टर के लिए आवेदन जारी है। ऑनलाइन फॉर्म के आधार पर प्रवीणता सूची जारी की जाएगी।

### आवारा मवेशी सड़क से हटाने की मांग



**पाटन।** नगर पचायत पाटन में आवारा पशु को रोकने के लिए सीएमओ से की चर्चा की। दिन में धुमंतू मवेशी सड़कों में बैठे रहती है। राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चौक-चौराहों में आवारा पशु बैठने के करना हादसा होने की संभावना लगे रहती है। बताया जाता है अभी कुछ ही दिनों में एक मोटर सायकिल पुराना बाजार चौक के पास गिर जाने से चोटिल हुई थी। आपको बता दे रात होते ही किसानों की फसल को चोपट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। नगर पचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ने किसानों के फसल को बचाने के लिए पाटन सीएमओ और इंजीनियर के समक्ष आवारा मवेशियों के बारे में साथ ही साथ गौठान की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। गौठान की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सभी पार्षदों ने सीएमओ के पास अपनी बात रखी। इस अवसर पर आभाष दुबे, दीपक यादव, कमल किशोर वर्मा, पुरुषोत्तम कश्यप, सरजू साहू, मनोज कुर्रे, वीरेंद्र कौशिक आदि मौजूद थे।

### बिजली व्यवस्था, खाद व्यवस्था और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार की भी शिकायत

# धमधा ब्लॉक में खोली जा रही शराब की तीन नई दुकानें, विरोध में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक में शराब की तीन दुकानों को खोले जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरा शासकीय अमला इस कार्य ने लगा हुआ है। एक दुकान ग्राम अछोली में खोलने की तैयारी है। इसे लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम सोनल डेविड को ज्ञापन सौंपा। शराब दुकान को बंद करने, बिजली सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने, सोसाइटी में खाद की कमी दूर करने, बाजार में ज्यादा मूल्यों में बिकने को लेकर शिकायत की गई। ग्रामीणों ने धमधा तहसील के बाबू एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा किसान से रिश्वत की मांग किए जाने से जुड़ी शिकायत भी की गई। वही इन सभी मामलों में त्वरित निर्णय जनहित में लेने की बात कही। किसान नेता बाबा टेकसिंग चंदेल ने कहा कि पूर्व भूपेश सरकार के द्वारा जब शराब बिक्री की गई तो पूरे देश में छत्तीसगढ़ को तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंचाया था। वहीं वर्तमान भाजपा की सरकार द्वारा गांव-गांव, गली-गली शराब दुकान खोलने की नीति को लागू करके शराब बिक्री और युवाओं को नशे के राह में लेजाने और छत्तीसगढ़ को शराब बिक्री में पूरे देश में प्रथम स्थान दिलाने का




### किसानों से सीमांकन बटांकन के नाम पर रिश्वत की मांग

किसानों से उनके सीमांकन, बंटवारा, प्रमाणीकरण जैसे कार्यों के लिए मोती रकम वसूली जा रही है जो कि बेहद शर्मनाक है। इसकी भी शिकायत की गई। इस मौके पर किसान बंधु संगठन के अध्यक्ष आत्मा साहू, मोतीराम वर्मा, देवेंद्र कुमार चंदेल, जोहान वर्मा, बनाऊ सिंह वर्मा, सतीश कुमार सिंह, संतोष चंदेल, राजाराम, संतराम साहू, चितरंजन चंदेल, डालू वर्मा, धनेश्वर वर्मा, भवानी सिंह, पेखन यादव, रुंगु वर्मा सरपंच, दुर्योधन वर्मा, टेकलाल चंदेल, विश्राम वर्मा, दिवस चंदेल, अनिल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### एचआरएलएंडडी में नाटक का मंचन

## संविदा कर्मियों ने दी सुरक्षा की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में सुक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षा जागरुकता के लिए एचआर-एल एंड डी केन्द्र में लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम में जल प्रबंधन विभाग द्वारा प्रस्तुत पहली स्किट में सड़क सुरक्षा, मानवीय त्रुटियों और सतर्क ड्राइविंग की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। बाद सिंटरिंग प्लांट-3 द्वारा दो अलग-अलग स्किट प्रस्तुत की गईं, जिनमें क्रमशः सीमित स्थान में कार्य करने हेतु सुरक्षा उपायों एवं ऊँचाई पर कार्य करते समय बॉडी हार्नेस और अन्य सुरक्षा चेक पॉइंट्स के महत्त्व का महत्व बताया गया। सीजीएम प्रभारी अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी एस. सुनोव सहित एसईडी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इन प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए इस बात पर बल दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि संयंत्र के जमीनी स्तर तक सुरक्षा की भावना और जागरूकता को विस्तार मिले। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एसपी) द्वारा सभी कलाकारों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के पीएम राजेन्द्र कुमार ने किया। विभागीय के राजेश देवांगन,एनके गुप्ता शोवन घोष व अजय टल्लू आदि उपस्थित थे।

■ सुरक्षा जागरुकता के लिए कार्यक्रम

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस में शाला प्रवेशोत्सव सरपंच ग्राम पंचायत सैनिक भुवन लाल देशमुख के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। शाला की कक्षा पहली एवं छठवीं में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को दो जोड़ा गणवेश भी वितरित किया गया। साथ ही एनएमएमएसई परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्रा तूणीर साहू, जिज्ञासा देशमुख, सागर डहरिया को शाला के द्वारा स्कूल बैग एवं डॉक्यूमेंट फाइल भेंटकर सम्मानित किया गया। देशमुख ने कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर पढ़ाई करने की दी सलाह। विद्यालय की संपत्ति को अपनी संपत्ति की तरह देखभाल करें। इस अवसर पर उप सरपंच नंदू देशमुख,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमलाल गायकवाड ,उपाध्यक्ष सरिता देशमुख ,वरिष्ठ नागरिक राम रतन निषाद जी, हीरालाल धनकर, शैलेन्द्र देशमुख ,संकुल समन्वयक जनार्दन साहू,प्रधान पाठक गुमिता साहू, सावित्री चंदेल, शिक्षक मोहनी देशमुख, गीता कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, सुरेखा ठाकुर, विनोद कुमार साहू ,सफाई कर्मचारी वासुदेव चेलक, सुरेंद्र देशमुख,पालक महेश कुमार साहू, डोमन लाल देशमुख, घनश्याम साहू, एमंत देशमुख, प्रियंका देशमुख, ख़ोमिन बाई डहरिया आदि उपस्थित थे।

■ प्रवेशोत्सव में छात्र-छात्राओं का कराया मुंह मीठा, बांटी पुस्तक

## बिजनेस साइट

### हल्के परिश्रम के बाद सांस फूलने को हल्के में न लें, हो सकती है दिल की बीमारीः डॉ. दास



**भिलाई।** हल्के परिश्रम के बाद सांस फूलने को हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह कोई बड़ी दिल की बीमारी भी हो सकती है। इसके लिए जांच जरूर कराएं। सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चन्दन कुमार दास ने उक्त बातें कहीं। वे एफईएबीसी पोलैंड से एमडी, डीएनबी कार्डियोलॉजिस्ट हैं। सेक्टर-9 हॉस्पिटल के करीब डॉ. दास हार्ट क्लीनिक के संचालक हैं। उन्होंने कहा कि आज कल हमारे समाज में एक शारीरिक शिकायत बहुत देखने को मिलती है, जिसे बोलचाल की भाषा में सांस फूलना कहते हैं। हृदयरोग हो या मेडिसिन विभाग में लगभग 50% मरीज इसी शिकायत को लेकर आते हैं। चिंता का विषय यह है की इनकी संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 10 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक में ये लक्षण देखने को मिल रहा है। एक मनुष्य जो नियमित दिनचर्या का काम कर रहा था, पिछले कुछ दिनोंसे वही काम करने में सांस फूल रही है। इसकी कोई भी वजह हो सकती है। खून की कमी, मोटापा, हार्ट फेलियर, हार्ट की मांसपेशी की बीमारी, हार्ट के रक्त सिंचन में कमी, हार्ट के वाल्व की बीमारियां की संभावना हो सकती है। श्वसन प्रणाली (फुसफुस) की बीमारी जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फुफ्फुस बहाव, अंतरालीय फेफड़े की बीमारी, खून की कमी (एनेमिया) को लोग हलके में लेते हैं, जो आगे चलकर हार्ट फेलियर का कारण बनता है। भारत में 1% लोग हार्ट फेलियर से पीड़ति हैं। इसका मुख्य कारण भी दोषपूर्ण जीवनशैली है। अनियंत्रित रक्तचाप, अनियंत्रित शुगर, धूम्रपान तथा तम्बाखू सेवन, मद्यपान, शारीरिक निष्क्रियता अर्थात शारीरिक व्ययाम का अभाव, आहार में से हरी हरी सब्जियां तथा फलों का गायब होना है। युवा पीढ़ी को तम्बाखू सेवन, कोल्ड ड्रिंक्स तथा फ़ास्ट फ़ूड से बचना जरूरी है। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से कम से कम 4 किलोमीटर पैदल चलें, शारीरिक व्ययाम तथा योगाभ्यास करें। फल एवं सब्जियां ज्यादा से ज्यादा खाएं। सलाद का सेवन करें।

# अमलेश्वर में अवैध प्लॉटिंग पर चला पालिका बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर द्वारा निजी जमीन पर हो रहे अवैध प्लाटिंग को जेसीबी वाहन के माध्यम से ध्वस्त किया गया। नगर पालिका प्रशासन ने बिना पुख्ता जानकारी के दलालों के जरिए प्लाट खरीदने से नागरिकों को बचने की सलाह दी है।

■ बिना पुख्ता जानकारी के प्लाट नहीं खरीदने की दी गई नागरिकों को सलाह : प्रीति गुप्ता

नगर पालिका अमलेश्वर क्षेत्र की सीमा के अंदर वार्ड क्र. 07 एवं 08 में भूमि स्वामी द्वारा अवैध प्लाटिंग की कार्यवाही की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर कार्यालय नगर पालिका परिषद अमलेश्वर द्वारा संबंधित भूमि स्वामी को क्रमशः तीन बार नोटिस जारी अवैध प्लाटिंग रोकने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन भूमि स्वामी नगर पालिका की चेतावनी को दरकिनार कर अवैध प्लाटिंग में लगा रहा। आखिरकार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं एसडीएम पाटन लवकेश धुरू के निर्देशानुसार नगर पालिका अम्लेश्वर में पूरे संसाधन के साथ पहुंचकर अवैध प्लाटिंग के लिए मुरुम डालकर बनाए गया मार्ग संरचना को जेसीबी के माध्यम से समतल कर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार पाटन भूपेंद्र सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता एवं उनकी टीम, राजस्व विभाग तथा पुलिस के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता ने बताया कि बिना अनुमति के कोई भी अवैध रूप से भूखंड बेचने का काम ना करें। भूखंड खरीदने से पहले नागरिक नगर पालिका कार्यालय से भूखंड की वैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका अमलेश्वर अध्यक्ष दयानंद सोनकर एवं पार्षदों द्वारा अवैध प्लाटिंग के खिलाफ भविष्य में निरंतर कार्यवाही किये जाने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में दलालों के प्रलोभन में आकर प्लाट खरीदी बिक्री की कार्यवाही न करें।



### अम्लेश्वर क्षेत्र में जमीन दलाल हुए सक्रिय

दलालों ने अमलेश्वर क्षेत्र में अपनी पेट जमा कर बैठे हुए है। नगर पालिका अमलेश्वर के द्वारा जमीन दलालों को बक्शा नहीं जायेगा। लंबे समय से शिकायत मिल रही थी नगर पालिका अधिकारी द्वारा शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए जेसीबी से रास्ता को समतली किया गया।



### प्रतिभाशाली छात्रा खुशी कुर्रे का श्रेष्ठा में चयन

**कुम्हारी।** पीएमश्री सेजस कुम्हारी की कक्षा 8वीं की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी कुर्रे ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और उच्च लक्ष्य से शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। खुशी न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। खुशी कुर्रे ने वर्ष 2024-25 में आयोजित विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उसने कक्षा 8 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार 93.89% अंक प्राप्त किए। प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में राज्य स्तर पर 38वां रैंक प्राप्त कर चयनित हुईं। श्रेष्ठा योजना में अखिल भारतीय स्तर पर 57वाँ रैंक प्राप्त कर चयन में सफलता अर्जित की। मिडिल स्कूल की प्रधान पाठिका शीतल नैय्यर, सुजीत सीआर, लीना सिंग, ऋतु राव, समीरा पाण्डे, संतोष प्रिय, मनीष मेश्राम और डुप्ले सिन्हा को प्राचार्य द्वारा बधाई दी।

### प्रवेशोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# आज की बेटियां हर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर रहीं: कोर्सेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्ठी

ग्राम ननकटठी स्थित शाउमा विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का मनाया गया। मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा थे। अध्यक्षता दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने की। जनपद सदस्य प्रतिभा देवांगन, सरपंच सुशील साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रेमलाल नायक, उपसरपंच रवि कुमार साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष अनिल यादव एवं विद्यालय विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल तिवारी, पंडित चंपेश कृष्ण उपस्थित थे।



कोर्सेवाड़ा ने कहा कि शिक्षा के शुरुआती चरण विशेष रूप से कक्षा 9वीं और 10वीं अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इसी समय यह तय होता है कि छात्र-छात्राओं की रुचि किस विषय में है और वे आगे किस दिशा में अपने करियर का निर्माण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिसने इस वर्ष 88% अंक प्राप्त किए हैं, उसे अगले वर्ष 95% का लक्ष्य लेकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जब पहली वंदे भारत ट्रेन दुर्ग से चली थी, तब उसका संचालन एक महिला लोको पायलट ने किया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और आज की बेटियां हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने विद्यालय में शिक्षकों के रिक्तपदों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विधायक कोर्सेवाड़ा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की, तथा शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षिक व्यवस्था की मजबूती के लिए मेरा निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

■ शाला प्रवेश उत्सव में सहभागिता एवं शिक्षकीय रिक्त पदों की पूर्ति के लिए करेंगे पहल : डोमन

## अंचल की खबरें

### शाला प्रबंधन समिति की बैठक में लिया निर्णय



**अंडा।** सेजस विद्यालय चंदखुरी में शाला प्राचार्य के द्वारा शाला प्रबंधन समिति का बैठक रखा गया। जिसमें पुराने शाला भवन का डिस्मेंटल कर नया भवन बनाने, प्रसाधन निर्माण, शौचालय मरम्मत एवं अन्य कार्यों का प्रस्ताव समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा सर्वसहमति से रखा गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्राकर, सरपंच कविता ठाकुर, प्राचार्य शिखा मिश्रा प्राचार्य, विधायक प्रतिनिधि पोषण देवांगन, सदस्य भूपेन्द्र साहू, दुष्यंत चंद्राकर, प्रतीक जैन, पंच दुर्गेश साहू, जितेन्द्र यादव उपस्थित थे। साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों व सदस्यों के द्वारा बैठक उपरांत जर्जर शाला भवन का निरीक्षण कर अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### बच्चों को तिलक लगाकर मनाया प्रवेशोत्सव



**निकुम।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट स्कूल निकुम में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू थे। स्कूल के प्राचार्य एस देवराजन सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा अर्चना कर किया गया। नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को पुस्तक देकर बच्चों को प्रवेश कराया गया। देवराजन ने कहा कि स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलता है। इस अवसर पर शिक्षक खुशबू मिश्रा , जिज्ञासु कौशल,साक्षी साहनी, दिव्या पवार,रिया भोयार, मंजुलता देवांगन, निशी चंद्राकर, नेहा पिल्ले, शैलेश मरकाम, हर्षा सिन्हा महेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना



**ननकट्ठी।** समस्त ग्रामवासियों के द्वारा गांव की सुख-शांति व समृद्धि के लिए हनुमान मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना की। कथावाचक पंडित चंपेशकृष्ण ने विधि-विधान से भगवान गणेश,अंबिका, नवग्रह, हनुमान व सत्यनारायण भगवान की पूजा अर्चना, हवन एवं पूर्णाहूति दी। जजमान पंडित राम कैलाश शुक्ला थे। पुरातन परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में यह पूजा संपन्न होती है। इस अवसर पर पंडित राम गोपाल तिवारी, रवि शंकर मिश्रा, विनीश, योगेश, राजू शर्मा, अभिजीत अग्रवाल, अनिल यादव, जगदीश हंकारा, संतोष राजपूत, राकेश ताम्रकार,, रवि साहू ,केशर गौर, संतोषी निषाद आदि मौजूद थे।

### लोकतांत्रिक मूल्यों की खुलेआम हत्याः भाजपा



**कुम्हारी।** भाजपा प्रदेश संगठन के आव्हान पर भाजपा जिला भिलाई के निर्देशनुसार 25 जून को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम कुम्हारी मंडल द्वारा स्टेशन चौक में रखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय थे। पीएन दुबे, गोल्डी गोस्वमी, रामाधार शर्मा अवधेश शुक्ला, राजू निषाद, हरिदास वैष्णव, मिथलेश यादव, तृप्ति चन्द्राकर, रागिनी निषाद सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि 25 जून 1975 को जब लोकतंत्र की आवाज़ दबा दी गई स्वतंत्र भारत के इतिहास का यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद हरिदास वैष्णव, उमाकांत साहू, सुजीत यादव, अश्वनी देशलहरे, पूर्व पार्षद रागिनी निषाद, राम कुमार सोनी, मिथलेश यादव, दीपक चतुर्वेदी, राजकुमार सिंह, वीरू सिंह, गोविंद बघेल, अनुज शुक्ला, विशाल राठौड़, रीता पाण्डेय, प्रीति शाही, तृप्ति चंद्राकर , सुनीता कुर्रे, राधा ठाकरे आदि उपस्थित थे।

### देश विरोधी कुकृत्य का परिचायक रहा आपातकाल



**जामगांव आर।** आपातकाल की काला अध्याय के विरोध में जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में जामगांव आर में हुआ। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि कांग्रेस की देश विरोधी संविधान विरोधी आपातकाल की निंदा किए । इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. दयाराम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, नेतराम निषाद, कन्हैया लाल साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि नारद साहू, नरेश केला, भगवान सिंह चंद्राकर, धनराज साहू, पुणेन्द सिन्हा, मुकेश साहू, मेघनाथ सगरवंशी, हर्ष कुमार, कमलेश यादव, अभिषेक सेन, गुमान साहू, रमेश साहू, नरोत्तम निषाद, परमेश्वर चक्रधारी, तीरथ पटेल, भानु साहू, शेष नारायण साहू, प्रेमिन साहू, उपासना साहू, कार्यक्रम का संचालन अंगेस्वर साहू ने किया।

07



स्वावलंबन की दिशा में अनूठा प्रयास तीसरी बार सिलाई मशीन का वितरण

## लाइव इवेंट

### बीएसएफ चला रही माड़ बचाव अभियान, 110 से ज्यादा माओवादी



**भिलाई।** भारतीय सीमा सुरक्षा बल द्वारा जनवरी माह से माड़ बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनवरी माह से अब तक 110 से ज्यादा माओवादियों को पकड़ा गया, उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में काम किया गया। पिछले दिनों सुरक्षा बलों के लगातार प्रयासों से 4 महिला एवं 2 पुरूष माओवादियों ने आत्मसमर्पण भी किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईटीबीपी, बीएसएफ, एसटीएफ की संयुक्त टीम इस अभियान पर काम कर रही हैं। नक्सल उन्मुलन अभियान और अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाली हिंसा के कारण ही अभियान शुरू किया गया है। आत्मसमर्पण करने पर प्रोत्साहन राशि 50 हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है। ऐसे ही माओवादियों के आत्मसमर्पण पर धनाय हलामी पिता नरसिंग उम्र 24 वर्ष तुषवाल बारसूर जिस पर 5 लाख इनाम था, उसे प्रोत्साहन राशि दी गई। इसी प्रकार 1 लाख के इनाम दशमती कोवाची पिता उंगो उम्र 20 वर्ष कोडोली ओरछा, 1 लाख के इनामी सुकाय उर्फ रोशनी पिता भीमा उम्र 20 वर्ष कस्तुरमेटा कुकडाझोर, 1 लाख का इनामी चैतराम उसेण्डी उर्फ रूषी पिता दशरू उम्र 28 वर्ष गुजनवाडा ओरछा, गंगू पिता कुम्मा पोयाम उम्र 20 वर्षकोडोली ओरछा, शारी उर्फ गागरी पिता पूरोन उम्र 20 वर्ष गट्टाकाल कोहकामेटा को आत्मसमर्पण करने पर 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के फायदे, घर, नौकरी ने इन्हें आकर्षित किया है। आत्मसमर्पण माड़ एवं खुद की भलाई के लिए सोचा है। माड़ बचाओ अभियान ने उन्हें अब एक नई आस दी है। माओवादी की विचारधारा में भटके नक्सलियों को उनके घर वाले भी वापस लाना चाहते हैं। हम सभी नक्सली भाई-बहनों से अपील करते हैं कि उनका बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलने का समय आ गया है। अब समय माड़ को वापस उसके मूलवासियों को सौंप देने का है जहां वे निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत कर सके। इस अवसर पर आनंद प्रताप सिंह, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार दुबे, अमित तुकाराम काम्बले, प्रभात कुमार, नवल सिंह सेनानी, एनएस कुटियाल, नरेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### शतरंज चैंपियनशिप का आगाज, 135 से ज्यादा खिलाड़ी ले रहे भाग



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ द्वारा विवेकानंद सभागार में दो दिवसीय शतरंज चैम्पियनशिप की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता में 135 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

- विवेकानंद सभागार में मेयर अल्का बाघमार ने किया उद्घाटन, समापन आज

प्रतियोगिता का उद्घाटन महापौर अल्का बाघमार ने किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिला सीनियर, महिला एवं सब जूनियर अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में सभापति श्याम शर्मा, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, साहित्यकार डॉ. रौनक जमाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, जितेन्द्र सिंह राजपूत, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े उपस्थित थे।

बाघमार ने कहा कि यह आयोजन बच्चों की मानसिक स्थिति के लिए बेहतर प्रयास है। आज मोबाइल के युग में बच्चों की मानसिक स्थिति में गिरावट देखी गई है। ऐसे में आयोजन से बच्चों की मानसिक स्थिति को बढ़ाने में सहायक होगा। शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास के साथ-साथ बच्चे अपने करियर को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। उन्होंने जनवरी में शतरंज प्रतियोगिता कराने की घोषणा की। कैलाश बरमेचा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं। इस तरह के आयोजन में शहरवासियों को बढ़ चढ़ कर सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में दिनेश जैन, अनिल शर्मा, दिनेश नलोडे, ललित वर्मा, गुलाब चौहान, शेख लतीफ, संदीप पाटले, विक्रम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### चातुर्मास आयोजन के लिए संयोजक बनाए गए संदीप लोहाड़िया

**दुर्ग।** आचार्य विद्यासागर एवं पट्टाचार्य समयसागर की आज्ञानुवर्ती शिष्या साध्वी दुर्लभमति का ससंघ का चातुर्मास दिगंबर जैन पंचायत बड़े मन्दिर में होने जा रहा है। चातुर्मास के संयोजन की जिम्मेदारी संदीप लोहाड़िया एवं विजय जैन को सौंपी गई है। समाज की बैठक में उनका मनोनयन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी, राकेश छाबड़ा, कैलाश बाकलीवाल, महावीर गंगवाल, संतोष जैन, सुरेश जैन, विमल जैन, पंकज छाबड़ा, मनोज बाकलीवाल, रमेश सेठी, महेन्द्र पाटनी, जितेंद्र जैन लाला, अनिल गोधा, दिलीप बाकलीवाल, धीरज बाकलीवाल, ललित सुमन, धर्मचंद काला, पवन पाटनी, मनीष बड़जात्या, जय गोधा, इंदर पाटनी, महेश पटौदी सहित अन्य मौजूद थे।



● रथयात्रा को लेकर दुर्ग-भिलाई में लोगों में दिखा उत्साह, दुर्ग-भिलाई में निभाई गई परंपरा

# भगवान चले भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग मौसी के घर, 10 दिन वहीं रहेंगे, निभाई छेरा पंहरा की रस्म

**भिलाई। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की परंपरा निभाई गई। दुर्ग और भिलाई में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ छेरा पंहरा की परंपरा निभाई गई। भगवान जगन्नाथ, अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर मौसी के घर के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने भक्तों को दर्शन लाभ दिया। दुर्ग के आमदी मंदिर रेलवे स्टेशन दुर्ग, किल्ला मंदिर तमेरपारा और भिलाई में सेक्टर-4, सेक्टर-6 से रथ नगर भ्रमण के लिए निकला। आयोजन में विधायक रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।**

जगन्नाथ समिति के तत्वावधान में सेक्टर-4 बोरिया मार्केट स्थित जगन्नाथ मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा निकाली गई। रथ सेक्टर-4 के जगन्नाथ मंदिर से निकलकर सेन्ट्रल एवेन्यू होते हुए सेक्टर-10 के भव्य गुण्डिचा मंडप में पहुंची। भगवान बलभद्र, माता सुभद्रा तथा महाप्रभु जगन्नाथ के विग्रह को पंहडी करते हुए काष्ठ निर्मित सुन्दर व भव्य रथ पर लाया गया। इस वर्ष रथयात्रा के दौरान रथ के समक्ष परम्परा अनुसार छेरा-पंहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन थे। इसके बाद भक्त जनों ने जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ खींचना प्रारंभ किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार बंछोर, संजय मिश्रा, सुरेश केजरीवाल, अबनी बेहेरा, अक्षय नायक, सांवलाराम डाहरे, पुरुषोत्तम देवांगन, परविंदर सिंह सहित अन्य मौजूद थे। रथयात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। झांझ, मंजीरे, ढ़ोल, मृदंग बजाते कीर्तन दल तथा भक्ति संगीत के धुन में नाचते-गाते भक्त जनों ने भाव विभोर होकर रथ खींचा। सेन्ट्रल एवेन्यू में महाप्रभु के दर्शन व पूजा अर्चना हेतु हजारों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर खड़े थे। महाप्रभु का रथ सेन्ट्रल एवेन्यू में पहुंचते ही रथ खींचने व दर्शनार्थ भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

### अन्न व गजामूंग प्रसाद का वितरण

इस पूरे यात्रा के दौरान अन्न प्रसाद व गजामूंग के प्रसाद का वितरण किया गया। विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग संस्थाओं व समाज द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर पंडाल लगा कर श्रद्धालुओं को भोग व शर्बत आदि का वितरण किया गया। रथ का संचालन वृंदावन स्वांई व बी सी बिस्वाल लखन बिस्वाल एवं टीम द्वारा किया गया। रथयात्रा के विभिन्न पूजा कर्म पण्डित पितवास पाढ़ी एवं उनकी टीम द्वारा विधि विधान से सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सतपथी, सत्यवान नायक, भीम स्वांई, त्रिनाथ साहू, अनाम नाहक, बसंत प्रधान, डी त्रिनाथ, बीसी बिस्वाल, वृंदावन स्वांई, प्रकाश दास सहित अन्य मौजूद थे।



सेक्टर-4 में विधायक रिकेश सेन ने की छेरा-पंहरा की रस्म



### रथयात्रा के दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र भी पहुंचे



महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा शुक्रवार को सेक्टर-6 मंदिर से निकली। भक्तों के अपार जन समूह के बीच पारंपरिक तरीके से उत्सव मनाया गया। बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ को मंदिर में सुबह पूजा अर्चना की गई। शाम को भी जगन्नाथ की पूजा अर्चना के बाद भगवान बलभद्र, सुभद्रा, जगन्नाथ स्वामी एवं सुदर्शन महाराज, मदन मोहन धाड़ी पहंड़ी के साथ-साथ छेरा पंहरा की रस्म भी की। मुख्य अतिथि नारायण दास वैष्णव निकुंम आश्रम रोहिणी गौशाला जांजगीर थे। महाप्रभु रथ में आरुड़ होकर घंट वाध्य, शंख ध्वनि, भजन एवं संगीत की झंकार भुवनेश्वर उड़ीसा की प्रख्यात भजन गायिका आनंदिता दास इस दौरान मौजूद थीं। उन्होंने कई देश-विदेश में अपने भजन प्रस्तुत किए हैं। मंत्रों की धुन में लोग झूमते हुए चौक चौराहों पर विभिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद लेते हुए तथा गजा मूंग चना का प्रसाद सेवन करते हुए लोग देर रात्रि सेक्टर 6 ए मार्केट गुंडिचा मंडप पहुंचे। इस आयोजन में तन्ता महापात्रा, दिलीप महंती, अरुण पंडा, शरद विशाल, गजेन्द्र पंडा, ललित पाणिग्राही, रविन्द्र साहू, शशिभूषण महंती, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूंया आदि उपस्थित थे । सेक्टर-4 व सेक्टर-6 में आयोजित कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए। यात्रा के दौरान नृत्य की टोलियों के साथ खूद भी नृत्य करते नजर आए। उन्होंने शहरवासियों को रथयात्रा की बधाई दी। देवेंद्र यादव शहर के अन्य मंदिरों में भी दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने भक्तों के साथ भगवान जगन्नाथ के सामने मत्था टेका।

### रथयात्रा में साथ नजर आए कांग्रेस और भाजपा के नेता, साथ निभाई छेरा पंहरा की रस्म



दुर्ग। शहर में दो जगहों पर रथयात्रा का आयोजन किया गया। किल्ला मंदिर तमेरपारा से निकले रथयात्रा में सामिल होने ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल पहुंचे। इस दौरान साथ में उन्होंने छेरा पंहरा की रस्म निभाई। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी किल्ला मंदिर, रेलवे स्टेशन राम जानकी मंदिर, उतई पंचमुखी हनुमान मंदिर, जगन्नाथ मंदिरों में महाप्रभु का नेत्र उत्सव मनाया गया।देव स्नान पूर्णिमा के बाद लंबी बीमारी से ठीक हुए महाप्रभु के दर्शन के लिए मंदिरों के पट खुले। पारंपरिक पूजा-अर्चना, हवन पूजन के बाद मंगल ध्वनि घंटावादन के साथ श्रद्धालुओं ने प्रभु का प्रथम दर्शन किया। चंद्राकर ने कहा कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा भारत में मनाए जाने वाले धार्मिक महोत्सव में सबसे प्रमुख और धार्मिक दृष्टी से सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। भगवान कृष्ण के अवतार जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होने का पुण्य सौ यज्ञों के बराबार माना जाता है। सागर तट पर बसे पुरी शहर में होने वाली जन्ननाथ रथ यात्रा उत्सव के समय आस्था का जो भव्य स्वरूप देखने को मिलता है, वह कही दुर्लभ है। रथयात्रा में पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अल्का बाघमार, राजेन्द्र नायक, भीमसेन सिन्हा, संगीत रजक, सोनू राजपूत, विजय लक्ष्मी साहू, सुनीता चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।



### भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा

सेलूद। रथयात्रा के पर्व के अवसर पर ग्राम सेलूद में रथ यात्रा का उत्सव मनाया गया। शीतला सेवा समिति व ग्राम पंचायत सेलूद के संयुक्त तत्वावधान में रथयात्रा पर्व का आयोजन किया गया। वहीं व्रत व पूजा-पाठ भी किया गया है। गांव शीतला तालाब में माँ शीतला माता मंदिर में पूजा पाठ करने के बाद गांव में शोभायात्रा निकाली गई। रथयात्रा निकाल कर पूरे ग्राम का भ्रमण कराया गया। गांव के महिला पुरुषों ने राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू रामसिंह पठारी, भुखन यादव, शत्रुहन यादव , रोमनाथ यादव, शंकर ठाकुर, गानश्याम बंजारे, शिवनंदन यादव,करण धनकर, सुरेन्द्र बंछोर, लोकनाथ साहू, अशोक देवाँगन, मन्नु साहू, पुनाराम साहू, सुखराम यादव आदि उपस्थित थे।

### रथयात्रा पर विधायक गजेन्द्र ने जनमानस के खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की

दुर्ग। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पावन अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव शहर के प्राचीन किल्ला मंदिर पहुंचकर महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र ट माता सुभद्रा के दर्शन-पूजन कर समस्त जनमानस के खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ जय जगन्नाथ के जयघोष लगाए और मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तजनों का अभिवादन कर सभी को रथ यात्रा पर्व की शुभकामनाएं दी। गजेन्द्र यादव किल्ला मंदिर से निकले रथयात्रा में शामिल हुए। भक्तजनो के साथ रथ का रस्सी खींचते हुए चले।



# 100 साल पुराने कुएं को श्रमदान से संवारा कैलाश पर्वत का रूप देकर बनाया आकर्षक

**दुर्ग। गंजपारा वार्ड 36 के सालों पुराने कुएं की सफाई करवाकर, आसपास सौंदर्यीकरण करके, शिव वाटिका का रूप दिया गया है। इसका लोकार्पण मेयर अल्का बाघमार व सभापति श्याम शर्मा ने किया। कुएं को पहले श्रमदान के साथ साफ किया गया। आसपास सुधार कराए गए। फिर निगम की मदद से कुएं के आसपास सौंदर्यीकरण कराया गया। पार्षद प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि गंजपारा में 100 वर्ष से भी अधिक पुराने इस कुएं का उपयोग एक समय लोग निस्तारी के लिए करते थे।**



### कचरे से अट गया था कुआं, कराई सफाई

पानी का उपयोग पेयजल के रूप में भी किया जाता था। समय के साथ इसकी अनदेखी शुरू हो गई। कुआं कचरे से पट गया। छह महीने पहले स्थानीय लोगों ने इस कुएं के संरक्षण और संवर्धन का जिम्मा उठाया। बोलबम सेवा समिति और लोगों की मदद से श्रमदान कर तालाब की सफाई कराई गई। वर्तमान में इस कुएं और इसके आसपास के क्षेत्र को आकर्षक रूप दिया गया है। इस कुएं के सौंदर्यीकरण के लिए पार्षद निधि से करीब चार लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। कुएं के आसपास नाली निर्माण, भगवान शिव की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। आकर्षित साज-सज्जा, आकर्षित पेंटिंग के साथ शिव वाटिका का निर्माण कराया गया है।



### सत्ती चौरा कर रहा आकर्षित

कैलाश पर्वत जैसी सजावट मुख्य आकर्षण इस क्षेत्र को शिव वाटिका नाम दिया गया है, जहां झरने भी लगाया गया है। शिव वाटिका में आकर्षित लाइट विशेष पेटिंग, कैलाश पर्वत जैसी सजावट की गई है। पूरी साज सज्जा कलाकार भगत राजपूत ने की। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र शर्मा बंटी एवं आभार प्रदर्शन सुरेश गुप्ता और अजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में काशीराम कोसरे, चन्द्रशेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, पार्षद कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, ज्ञानदास बंजारे, मनोज सोनी, मनीष कोठारी सहित अन्य मौजूद थे।

# छेड़छाड़ तो अभिव्यक्ति एप में करें शिकायत नशे के खिलाफ महिलाएं कर रहीं जागरूक




**भिलाई।** जिले में ऑपरेशन विश्वास के तहत महिला रक्षा टीम स्कूलों में जाकर नशा का उपयोग करने से होने वाली क्षति, दुर्घटना के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक कर रही है। इतना ही नहीं छेड़छाड़ से जुड़े मामले को लेकर अभिव्यक्ति एप में शिकायत की जानकारी दे रही है। नशा करने से मुक्त होने के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिला, सायबर संबंधित अपराध को लेकर जरूरी जानकारियां दी जा रही है। इमरजेंसी नंबर 112, 9479192099 के बारे में बताया जा रहा है। सोशल मीडिया के सेफ्टी फीचर के साथ 1930 इमरजेंसी नम्बर के बारे में बताया जा रहा है। आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल श्रीराम चौक खुर्सीपार, आत्मानंद पंडित जवाहरलाल नेहरू स्कूल खुर्सीपार, आत्मानंद स्कूल छावनी कैंप 1, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जॉन 2 खुर्सीपार, निर्मला रानी इंग्लिश मीडियम स्कूल खुर्सीपार में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

**पुलिस विभाग की रक्षा टीम जिले में चला रही अभियान**


D Mart®
Daily Discounts Daily Savings
स्टाइल से करो कॉलेज की शुरुआत
D Mart ready
शॉप ऑनलाइन**
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
कॉलेज मर्चन्डाइज़
15% – 35% छूट मूल कीमत पर ब्रान्डेड लॉन्गबुक्स एण्ड नोटबुक्स
₹ 275 सिर्फ जेके कॉपियर पेपर A4 (21 सेमी x 29.7 सेमी) 70 gsm 500 शीट्स मूल कीमत ₹ 355
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर पेन्स
₹ 299* से आगे कॉलेज बैग
₹ 399* से आगे लैपटॉप बैग
₹ 199* सिर्फ एक्ज़िक्यूटिव फोल्डर 12 पॉकेट फाइल मूल कीमत ₹ 290
₹ 49* से आगे पाउच
₹ 249* से आगे बास्केटबॉल
₹ 129* सिर्फ सेलो प्यूरो स्पोर्ट बोतल 720 मि.ली. मूल कीमत ₹ 205
₹ 149* से आगे स्टील बोतल
₹ 399* सिर्फ ज़ेब्रोनिक्स वायर्ड हेडफोन मूल कीमत ₹ 799
₹ 359* से आगे ट्रिमर
₹ 399* से आगे हेयर ड्रायर
₹ 149* से आगे बेल्ट
₹ 99* से आगे सनग्लासेज़
₹ 379* सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹ 470
मानसून स्पेशल
₹ 349* से आगे छाते
₹ 449* से आगे ज़ील रेन सूट
₹ 149* सिर्फ पोन्चो मूल कीमत ₹ 199
₹ 799* से आगे स्पिन मॉप
₹ 49 से आगे क्लोथ क्लिप 12 पीस
₹ 229* से आगे मेन्स क्लॉग
₹ 359* से आगे बाटा लेडीज़ बेली शूज़
डेली एसेंशियल्स एण्ड ग्रोसरी
₹ 299* सिर्फ फॉग सेंट यु डी परफ्यूम 3x30 मि.ली. प्रती मूल कीमत ₹ 899
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त गार्नियर ब्राइट कम्प्लीट विटामिन सी फेस वॉश 150 ग्राम मूल कीमत ₹ 349*
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त मामाअर्थ ओनियन एण्ड प्लांट केराटीन शैम्पू 600 मि.ली. मूल कीमत ₹ 839*
₹ 99* सिर्फ स्टेफ्री सिक्योर नाइट्स कॉटनी सॉफ्ट कम्फर्ट XL पैड 18 पीस मूल कीमत ₹ 124
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एण्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 180*
₹ 139* सिर्फ ब्रिटानिया टोस्टी प्रिमियम बेक रस्क 4x250 ग्राम मूल कीमत ₹ 240
₹ 99* सिर्फ कैडबरी डेअरी मिल्क चॉकलेट 123 ग्राम मूल कीमत ₹ 130
₹ 145* सिर्फ मैगी न्यूट्रिलिशियस मसाला वेज आटा नूडल्स 435 ग्राम मूल कीमत ₹ 172
₹ 48* सिर्फ नॉर हॉट एण्ड सॉर वेज/क्लासिक थिक टोमॅटो सूप 41 ग्राम/51 ग्राम मूल कीमत ₹ 60
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त मैकेन फ्रेन्चफ्राइज़ 1.25 किलो मूल कीमत ₹ 370*
₹ 99* सिर्फ डा. ओटकर फनफूडस् डिलाइट वेज मेयोनीज 750 ग्राम मूल कीमत ₹ 189
₹ 429* सिर्फ नटराज कैलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 599
₹ 449* सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
₹ 280* सिर्फ पियर्स प्युअर एण्ड जेंटल सॉफ्ट साबुन 4x125 ग्राम प्रती मूल कीमत ₹ 405
₹ 44* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹ 55* सिर्फ लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
₹ 31.50* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹ 99* सिर्फ लूज़ लातूर तुअर दाल 1 किलो
₹ 119* सिर्फ लूज़ मूंगफली 1 किलो
₹ 45* सिर्फ लूज़ साबुदाना 1 किलो
₹ 39* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹ 51* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹ 489* सिर्फ काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 704
₹ 419* सिर्फ बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 670
अपैरल
₹ 199* से आगे लेडीज़ कॅज्युअल टॉप
₹ 199* से आगे लेडीज़ एथनिक शॉर्ट/लॉन्ग कुर्ता
₹ 499* से आगे लेडीज़ ड्रेसेस
₹ 249* से आगे लेडीज़ सैंडल्स
₹ 279* से आगे लेडीज़ शूज़
₹ 199* से आगे लेडीज़ कॅज्युअल शर्ट
₹ 349* से आगे लेडीज़ जेगिंग
₹ 199* से आगे लेडीज़ कॅज्युअल लोअर
₹ 449* से आगे मेन्स कॉटन चीनोज़
₹ 199* से आगे मेन्स कैजुअल शूज़
₹ 99* से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट
₹ 199* से आगे मेन्स कॅज्युअल/फॉर्मल शर्ट
₹ 349* से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र/जीन्स
₹ 149* से आगे मेन्स फैशन शॉर्ट्स
न्यूनतम 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंटस्
ट्रेंडिंग वॉर्डरोब लुक्स
मेन्स कैरेक्टर टी शर्ट @ ₹ 299* से आगे
मेन्स कॅज्युअल शर्ट @ ₹ 499* से आगे
मेन्स फैशन जीन्स @ ₹ 799* से आगे
लेडिज फैशन टी शर्ट एण्ड टॉप @ ₹ 199* से आगे
लेडीज़ कॅज्युअल बॉटम वेअर @ ₹ 299* से आगे
लेडीज़ डेनिम @ ₹ 349* से आगे
लेडीज़ कुर्ता सेट @ ₹ 599* से आगे
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पादों के ऑफर्स स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/06/25

**खबर संक्षेप**



## नशे का सामान बेचने वालों से वसूला गया जुर्माना

**दुर्ग।** निगम क्षेत्र में स्कूलों और कालेजों के आसपास ठेला-खोमचा में बीड़ी, तंबाखू और नशे का सामान बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को अभियान के दौरान 3 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। बता दें कि स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थाओं के आसपास बीड़ी, सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम अफसरों, कर्मचारियों की टीम बनाई है। इसी कड़ी में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा सहित बाजार विभाग अमला द्वारा गुरुवार को खालसा पब्लिक स्कूल के पास ठेले चाय दुकान, पोटिया स्कूल के पास किराना दुकान, जेआरडी स्कूल के अलावा अन्य स्थानों पर पहुंचकर दुकानों एवं ठेलों में जांच की। बीड़ी, सिगरेट, गुटका सहित तंबाखू जब्त किया गया। साथ ही भिलाई बेकरी और नॉन वेज होटल से डिस्पोजल, झिल्ली जब्त करने के बाद जुर्माना वसूला गया। बता दे कि स्कूल, कालेजों के 100 मीटर के दायरे में स्थित पान ठेलों व किराना दुकानों में छापामारी की जा रही है।

## पीएम आवास डाटा सेंटर में पात्र-अपात्र की सूची चस्पा

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र-अपात्र की सूची नगर पालिक निगम द्वारा गठित समिति द्वारा अनुसंशित राजस्व विभाग, नपानि दुर्ग प्रधानमंत्री आवास योजना के एमआईएस पोर्टल, सीएलएसएस डेटा से मिलान पश्चात पात्र-अपात्र की सूची आपत्ति दावा के लिए जारी की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समूह को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा हो तो वे 26 जून से 10 जुलाई तक लिखित में आपत्ति दावा किया जा सकता है। पात्र-अपात्रों की सूची निगम के मुख्य कार्यालय एवं डाटा सेंटर के प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

## भाजपा सरकार के कार्यकाल में श्रमिकों का सम्मान नहीं

**दुर्ग।** राज्य में दैनिक पारिश्रमिक, मासिक वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपए सम्मान राशि देने का आदेश जारी किया था, सम्मान राशि वेतन, पारिश्रमिक के अतिरिक्त देय था। आदेश के अनुसार सम्मान राशि 1 अगस्त 2023 से देय था। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा की सरकार ने कर्मचारियों, श्रमिकों को अभी तक सम्मान राशि का भुगतान नहीं किया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के संयोजक एड राजकुमार गुप्त और अध्यक्ष सहदेव साहू ने 5 मार्च 2024 को राज्य के वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था, जिसमें शासकीय विभागों के कर्मचारियों, श्रमिकों के अलावा अर्धशासकीय, स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों और निजी क्षेत्र के श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों को भी सम्मान राशि प्रदान करने की मांग किया था। पत्र में 1 अगस्त से सम्मान राशि का एरियर्स भी देने की मांग की है।

**समस्या:** साढ़े 16 करोड़ फूंके, 38 में ताला और 36 में फर्नीचर नहीं

# हमर क्लिनिक का हाल-बेहाल, इलाज के लिए भटक रहे मरीज, 18 में डॉक्टर नहीं

राहुल शर्मा ▶▶| दुर्ग

जिले में हमर क्लीनिक के नाम पर सोलह करोड रूपए से अधिक की राशि फूंक दिए गए है। लेकिन इलाज के नाम पर कौडी का लाभ आम लोगों को नही मिल रहा है। दुर्ग जिले के 65 हमर क्लीनिक में सिर्फ 18 में ही एमबीबीएस डाक्टर उपलब्ध है। वहीं अन्य केन्द्रों में डाक्टर नही होने और फर्नीचर की सुविधा नही होने के कारण केन्द्रों में ताला लटका हुआ है।

आम लोगों को सुविधा देने भले ही बिल्डिंग में सोलह करोड रूपए (प्रत्येक में 25 लाख) से अधिक की राशि खर्च कर दिए गए। दुर्ग और भिलाई के शहरीय इलाको में 65 हमर क्लीनिक केन्द्र पिछले सरकार द्वारा खोले गए थे। लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे लेकर गंभीरता ही नही दिखाई है। हालात यह है कि, 65 हमर क्लीनिक केन्द्र में सिर्फ अठारह केन्द्र संचालित है। वही बाकी केन्द्रों में ताला लगे हुए है, वही कुछ केन्द्रो में इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इस मामले को लेकर पूर्व में विधानसभा में विधायक रिकेश सेन ने हमर क्लीनिक को लेकर सवाल उठाया था। जिस पर मंत्री श्याम बिहारी ने डाक्टरों की भर्ती होने के बाद केन्द्र संचालित होने की जानकारी दी थी। लेकिन वर्तमान में स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**हमर क्लीनिक में असामाजिक तत्वों का डेरा, नहीं हो रहा इलाज और मॉनिटरिंग**



**खास बातें**

- दुर्ग और भिलाई शहरी इलाको में 65 केन्द्र बने
- सिर्फ 29 संचालित और 36 में ताले लगे हुए हैं

पुलगांव वार्ड में स्थित।







### फर्नीचर उपलब्ध कराने 72 लाख का प्रस्ताव अटका

जिले के शहरीय इलाको के 36 हमर क्लीनिक में पूर्व कांग्रेस की सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्य कराने के लिए शहरीय इलाको में 25-25 लाख रूपए खर्च किए गए है। लेकिन यहां फर्नीचर ही उपलब्ध नही कराया गया है। ऐसे में विभाग ने भी ताले जड दिए है। जानकारी अनुसार प्रत्येक केन्द्र के लिए दो लाख का प्रस्ताव भेजा गया है। इस तरह 72 लाख का प्रस्ताव फर्नीचर के लिए भेजे गए, लेकिन व्यवस्था नही कराई गई है। जिसके चलते बिल्डिंग बनने के बाद भी सुविधा नही मिल रही है।

### नर्सो के भरोसे इलाज, डाक्टरों की भर्ती नहीं

प्रत्येक केन्द्र में एक एमबीबीएस डाक्टर पदस्थ किया जाना है। लेकिन 18 को छोड शेष केन्द्रो में डाक्टरों की कमी है। हालात यह हैं कि, पूरा केन्द्र नर्सो और एएनएम, एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही हैं। अफसरों का कहना है कि, एमबीबीएस डाक्टरों की भर्ती राज्य स्तर से होगी। क्लीनिक में एक एमबीबीएस डाक्टर, एक स्टाफ नर्स, एक एमपीडब्ल्यूडी और एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का सेटअप है। लेकिन इसके बाद भी कई हमर क्लीनिक में पूरा स्टाफ नही है।

### चार साल से बिल्डिंग बनी नहीं भेजे डॉक्टर

शहरीय इलाको में आम लोगों को निशुल्क इलाज कराने इसकी शुरूआत वर्ष 2022-23 से की गई थी। दुर्ग में वार्ड 52 और वार्ड चार में क्लीनिक बनकर तैयार है, लेकिन ताला लगा है। वही पोलसाय पारा, पुलगांव में केन्द्र बंद है। पुलगांव में तो आसामाजिक तत्वों का ढेरा हो गया हैं। जिले के दुर्ग, भिलाई, चरोदा और रिसाली में 65 हमर क्लीनिक खोले गए है। जानकारी अनुसार दुर्ग में दो और भिलाई में चार क्लीनिक में ही डाक्टर है। बाकि क्लीनिक का संचालक भगवान भरोसे चल रहा है।

### सिर्फ आधा दर्जन क्लीनिक में ही डॉक्टर

दुर्ग के तितुरडीह और कसारीडीह वार्ड में डाक्टर मौजूद है। इसी तरह भिलाई में शहीद वीरनारायण वार्ड, फरीदनगर, आजाद नगर और शिवाजी वार्ड में ही डाक्टर है। जबकि दुर्ग, भिलाई और चरौदा व रिसाली में 63 क्लीनिक है। लेकिन संचालिक दुर्ग में ग्यारह, भिलाई में सत्रह व चरोदा में पांच और रिसाली में तीन क्लीनिक विभाग के अनुसार संचालित है। जबकि 63 में अन्य वार्डो में क्लीनिक बनकर तैयार है। लेकिन डाक्टर व स्टाफ नही होने से क्लीनिक में ताला जड दिया गया है।

### मंत्री के निरीक्षण के बाद भी लाभ नहीं मिला

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला अस्पताल में दो से तीन बार निरिक्षण करने आ चुके है। हर बार अस्पताल प्रबंधन ने उन्हे डाक्टरों की कमी होने की समस्या बताई है। लेकिन भर्ती के नाम पर कुछ नही किया गया। पूर्व में राज्य शासन द्वारा पिछले दो साल से एमबीबीएस डाक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए जा रहे है। लेकिन प्रदेश में डाक्टरों का टोटा हो गया है। दुर्ग के जिला अस्पताल से लेकर सुपेला अस्पताल में भी डाक्टर की कमी से विभाग जूझ रहा हैं। पूर्व में बांड वाले डाक्टरों से सेवा ले रहे थे, लेकिन वे भी छोडकर चले गए।

### डॉक्टर की मांग की गई

राज्य स्तर से हमर क्लीनिक में डाक्टरों की भर्ती करने की मांग की गई हैं। डाक्टरों की भर्ती होने पर केन्द्र संचालित किए जाएंगे।

**-डॉ मनोज दानी,** सीएमएचओ, दुर्ग

## मेजर जनरल और ब्रिगेडियर ने कैंपस में की घोड़े की सवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एनसीसी महानिदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल के महानिदेशक मेजर जनरल विक्रांत धूमने एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रायपुर के ग्रुप कमांडर बिग्रेडियर डी के पात्र द्वारा यूनिट का निरीक्षण किया। मेजर जनरल एवं ब्रिगेडियर का आगवानी घुड़सवार रेजिमेंट के प्रभारी कमान अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल अमन सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम एनसीसी कैडेटों द्वारा मेजर जनरल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दिया गया, तत्पश्चात सभी एनसीसी अधिकारियों तथा सैन्य एवं असैन्य अधिकारी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया, जिसके बाद यूनिट के पीआई स्टॉफ निवास, मुख्य कार्यालय, स्टोर, अस्तबल, घुड़सवारी प्रशिक्षण मैदान, एरिना, सहित नवनिर्मित अस्तबल का बारीकी से निरीक्षण कर कैडेटों को गणतंत्र दिवस परेड 2026, नई दिल्ली की तैयारी हेतु प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कार्यक्रम में यूनिट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन सिंह, कैप्टन पंकज पटेल, श्रीमती शोभा सिंह ठाकुर, सूबेदार एनके घोष, नायब सुबेदार गगनदीप शर्मा, क्वार्टरमास्टर हरेश पाटिल, शिवदयाल साहू, पवन कुमार साहू, हवलदार जादब बोरा, हवलदार रिंकू सिंह, नायक विकास पाटिल एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे।

- गार्ड आफ आनर देकर दी सलामी

## स्वास्थ्य विभाग में दर्जनभर नर्स और सहायक ग्रेड दो के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के तबादले के बाद स्टॉफ नर्स और सहायक ग्रेड दो को भी इधर-उधर किया गया है। स्टॉफ नर्स रूचि शर्मा सीएचसी कुम्हारी से सीएचसी बोरीगारका तबादला हुआ है। विकास एडवर्ड का सीएचसी झीट से नगपुरा सिविल अस्पताल। जी जयम्मा राजनादगांव से जिला अस्पताल दुर्ग, शेजी सुनील महासमुंद से जिला अस्पताल दुर्ग, माधुरी साहू पंडरी से दुर्ग जिला अस्पताल, शशिलता बेलचंदन सीएचसी बेरला से जिला अस्पताल दुर्ग, कलावती शर्मा राजनांदगांव से जिला अस्पताल दुर्ग, नीता साहू नवागढ़ सीएचसी से जिला अस्पताल दुर्ग, कामिनी कुमारी नवागढ़ सीएचसी से जिला अस्पताल दुर्ग, पूर्णिमा पटेल सीएचसी मगरलोड धमतरी से सिविल अस्पताल नगपुरा, मीना तारन अनंत महासमुंद से सिविल अस्पताल नगपुरा, पूनम साहू पीएचसी नगपुरा से धमतरी, मोनादास मानिकपुरी सीएचसी बोरी से कबीरधाम, चंद्रमणी यदु मानपुर से जिला अस्पताल दुर्ग आए हैं। दुर्ग जिला अस्पताल की स्टॉफ नर्स अंकू मसीह, अर्चना वाल्टर, प्रीति गनी, एनिड स्मृति, आशिका रोनाल्ड, नम्रता नीलिमा, रोशी स्मिता लाल को अन्य जगह भेजा गया है।

- डॉक्टरों के तबादले के बाद किया गया

## शक्ति नगर तालाब मामले में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शक्ति नगर तालाब में फैले जल प्रदूषण से हड़कंप मच गया है। कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग के कारण बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो गई, जिससे तालाब से उठ रही दुर्गंध ने लगभग 10 हजार स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। पूर्व महापौर धीरज बकलीवाल ने आज इस गंभीर मामले में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया तालाब की स्थिति बेहद दयनीय है और यह प्रदूषण आसपास के लोगों और जीव-जंतुओं के लिए बेहद हानिकारक है। इस दौरान पूर्व महापौर धीरज बकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, विजयंत पटेल, बृजेन्द्र भारद्वाज, भोला महोबिया, गौरव उमरे, अमोल जैन और आयुष शर्मा मौजूद थे। उन्होंने दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

- कार्रवाई का दिया गया आश्वासन

## जिले के सभी ग्राम पंचायत में बनेगा बर्तन बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में जल संरक्षण विषय पर जनपद पंचायत के सभी बीपीएम एवं क्लस्टर लेवल के सभी पीआरपी का एवं स्व सहायता समूह जो आजीविका की गतिविधियां कर रही हैं। उनको आज सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैन करने एवं मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने सभी पंचायत में बर्तन बैंक की शुरुआत करने एवं पॉलिएस्टर बैग बनाए जाने के लिए विस्तृत रूप से आज जानकारी दी गई। वहीं 15 जुलाई के पूर्व सभी ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक की शुरुआत किए जाने का लक्ष्य प्रदान किया गया एवं आगामी सप्ताह में इस विषय पर नियमित चर्चा की जाएगी और प्रगति की जानकारी ली जाएगी। एक समय सीमा टाइमलाइन निर्धारित कर सभी बीपीएम को निर्देशित किया गया है एवं डीपीएम के माध्यम से सहयोग किया जाने के लिए सीईओ द्वारा निर्देशित किया गया है।

## जलजनित बीमारी रोकने निकाली रैली, वार्डवासियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में डेंगू, मलेरिया व अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण, डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण अभियान स्वास्थ्य विभाग दुर्ग एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के समन्वय द्वारा जिले में शुरूवात किया गया है व आने वाले वर्षा ऋतु के मौसम में रोगों की रोकथाम हेतु कार्ययोजना बनाई गई है।

अभियान की शुरूआत कलेक्टर के आदेशानुसार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, एवं महाप्रबंधक नगर सेवायें, केके यादव की अध्यक्षता में 27 जून को पी.एच.डी. कार्यालय सेक्टर-8 भिलाई में रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत मच्छर उन्मूलन कार्य हेतु जिला मलेरिया विभाग द्वारा पेमेंट के आधासर पर 120 ब्रीडर चेकर और सर्वेयर टीम दी गई है, जो टाउनशिप के सभी घरों में डेंगू सर्वे, जागरूकता अभियान और निःशुल्क टेमिफॉस घोल वितरित किया जावेगा। इस अभियान का उद्देश्य भिलाई टाउनशिप में डेंगू की रोकथाम करना है और लोगों को जागरूक करना है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सी.बी.एस. बंजारे और महाप्रबंधक (नगर सेवाए) केके यादव ने अभियान की शुरुआत करते हुये डेंगू रोकथाम के उपाय तथा सभी ब्रीडर चेकर को समर्पित होकर काम करने उत्साहित किया, ताकि डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण किया जा सके एवं महाप्रबंधक केके यादव ने भी ब्रीडर चेकर को प्रत्येक घरों में जाकर जनता को जागरूक करने कहा तथा कूलर पानी टंकी, टायर आदि को चेक करने कहा गया। अभियान के प्रथम दिन को

### इस तरह की गई अपील

प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के तहत कूलर, पानी टंकी, टायर आदि को खाली करें



जिससे मच्छर न पनपने पाये। मच्छरों को पनपने से रोकें अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें। गमलों, टायरों, और अन्य बर्तनों में जमा पानी को नियमित रूप से खाली करें। मच्छरों के काटने से बचें दिन के समय, खासकर सुबह और शाम को, जब मच्छर सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं, पूरी बाजू के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का उपयोग करने सहित अन्य जानकारियां दी गई।

**केंद्र सरकार द्वारा जारी किया जाएगा फंड, होंगे विकास कार्य**

# पीएम आदर्शन ग्राम में बागडूमर गांव का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के धमधा विकास खण्ड ग्राम पंचायत बागडूमर आश्रित ग्राम सेमरिया को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम "धरती आबा " योजना के तहत ग्राम के समग्र विकास के लिए शासन द्वारा गोद लिया गया है। विगत 25 जून को दुर्ग जिला आदिवासी विकास शाखा के तत्वावधान में जन जातीय गौरव वर्ष "धरती आबा" योजना के तहत जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन ग्राम सेमरिया में किया गया।

- जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन

इस शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के मुख्य आतिथ्य में व ग्राम पंचायत बागडूमर सेमेरिया सरपंच सुश्री दामिनी साहू की अध्यक्षता में व क्षेत्रीय जनपद सदस्य सुरेश बारले एवं व जनपद सदस्य एवं सभापति संचार एवं संकर्म समिति जनपद पंचायत धमधा भुपेंद्र कुमार साहू के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती बंजारे ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम के रूप में "धरती आबा योजना" दुर्ग जिले के धमधा विकास खण्ड ग्राम के समग्र विकास के लिए चयनित होना, यह न केवल ग्राम सेमरिया के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण आदिवासी समाज के लिए सम्मान और सौगात की भावना लेकर आया है। कार्यक्रम में उपसरपंच रामावतार नेताम, आदिवासी समाज के ग्राम प्रमुख भोला ठाकुर, परदेशी धुव्र, ग्राम पंचायत मोंहदी सरपंच सच्चिदानंद शर्मा आदि थे।




### गांव के चयन पर ग्रामीणों में उत्साह

कार्यक्रम के विशेष अतिथि सभापति संचार एवं संकर्म समिति जनपद पंचायत धमधा भुपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि, प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री है, जो आदिवासी समाज के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रखते सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सरपंच सुश्री दामिनी साहू ने कहा शासन ने मेरे ग्राम पंचायत क्षेत्र के आश्रित आदिवासी बाहुल्य ग्राम सेमरिया को गोद लिया है, इसके लिए बहुत बहुत आभार करते हैं।

### बागडूमर से सेमरिया तक बनेगी सडक

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे ने जानकारी दी कि बागडूमर से सेमरिया जाने वाली रोड़ जो वर्तमान में बहुत जर्जर हो गया है। इसका नवीनीकरण हेतु प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत इस रोड की स्वीकृति करवा चुकी हुं, जिसका अतिशिघ्र ही नवीनीकरण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होने ग्राम सेमरिया के मुक्ति धाम पहुंच मार्ग निर्माण की भी शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया हैं।

## खाद-बीज की किल्लत से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में इस खरीफ सीजन की शुरुआत से ही किसान खाद-बीज की भारी कमी से जूझ रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर चिंता जताते हुए जनपद सदस्य किशोरी लाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। देशमुख ने बताया खाद और बीज डीलरों के पास तो उपलब्ध है, लेकिन सेवा सहकारी समितियों में इन आवश्यक कृषि संसाधनों की भारी किल्लत है, जिससे गरीब और सीमांत किसान बुवाई के लिए परेशान हो रहे हैं। समितियों के भरोसे बैठे हजारों किसान अभी तक खाद-बीज के लिए चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का गठन किसानों की सुविधा के लिए किया गया था, लेकिन जब वहीं से किसानों को निराशा मिल रही है, तो यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है। सरकार की ओर से बार-बार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। देशमुख ने चेतावनी दी कि खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो किसान हित में आंदोलन किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202506102700019
अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक सोमनाथ पिता जरहू निवासी ग्राम पुरदा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम पुरदा, प.ह.नं. 07, रा.नि.मं. बोरी बुजुर्ग, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 91 रकबा 0.04 हे. जोकि आवेदक सोमनाथ पिता जारहू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुसतिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैंक चालान, बी-1 की नकल, नोड्यूज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, आधारकार्ड, तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 08/07/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार बोरी**

## सिटी इवेंट

# महिलाएं कर रहीं लोगों को जागरूक स्वस्थ रहने रोज करा रहीं योगाभ्यास



**भिलाई।** मां अनुसइया महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में आध्यामाता मंदिर शांती नगर में मंडल के सद्स्यो द्वारा योगा डे सेलिब्रेट कर लगातार योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दे रहे है। योग गुरु बाबा रामदेव के विभिन्न योगासन को देख कर मंडल कि महिला सखी सदस्याओं ने योगा डे के बाद से सुबह योगासन की विभिन्न आसन कपालभाति, अनुलोम-विलोम, मन्डुका आसन, भ्रामरी, बटर फ्लाई, शिर्षासन, त्राटक, प्राणायाम सहित अनेक योगासन मंडल कि अध्यक्ष नंदा शेगोकर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। साथ ही महिला सदस्यों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देते हुए स्वास्थ रहने के लिए गृहणी को जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान नंदा ने सभी से कहा कि खुद के लिए समय निकाल कर सुबह-शाम योग करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरुरी है। इस अवसर पर कल्पना पराये, वनश्री मरजिवे, सरोज साकोरे, भारती उज्जवने, राजश्री मानकर, कविता आस्टकर, दिपा हुल्ले, चंचल हुल्ले, दर्शना, वर्षा कापसे, पूनम शिरभाते, पल्लवी निकम, क्रांती जेवने, अर्चना गुढ़े, सचिव मन्दाताई कामिनकर सहित सभी सदस्याएं मिलकर योगाभ्यास में भाग लेकर सभी से स्वस्थ रहने की अपील कर रही है।




## शहर में पूरे 10 दिन तक करबला के शहीदों की याद में कई आयोजन

# मुहर्रम पर तैयार हो रहे ताजिए, अखाड़ों में नौजवान बहा रहे पसीना, तकरीर शुरू

**भिलाई।** मुहर्रम माह की शुरूआत 26 जून की शाम से हो गई है। इसके साथ ही शहर में पूरे 10 दिन 6 जुलाई तक करबला के शहीदों की याद में मुर्हरम के कई आयोजन हो रहे हैं। इनमें तकरीर, सम्मान समारोह, रक्तदान शिविर और पौधारोपण का आयोजन किया जाएगा। शहर के अलग-अलग स्थानों पर ताजिए तैयार हो रहे हैं। हर साल की तरह इस साल भी 40 से ज्यादा ताजिए यौमे आशूरा के मौके पर निकलेंगे। इन ताजियों को अंतिम रूप देने का काम कारीगर कर रहे हैं। दूसरी तरफ 26 जून की शाम मुहर्रम का चांद दिखने के साथ ही सभी इमाम बाड़ों में फातिहा हुई और इसके साथ ही अखाड़ों में अभ्यास का दौर शुरू हो गया। अखाड़ों के करतब दिखाने नौजवानों अपने-अपने उस्तादों की निगरानी में अभ्यास कर रहे हैं। मुहर्रम पर जगह-जगह तकरीर भी हो रही है।



### फरीद नगर में सीरते जहरा कॉन्फ्रेंस जारी

मुहर्रम के मौके पर मदरसा दारुल राहत आलिमा से-6, भिलाई की ओर से औरतों के लिए सीरते जहरा कॉन्फ्रेंस जिक्रे शोहदाए कर्बला दस रोजा तक़रीरी प्रोग्राम चल रहा है। जानकारी देते हुए दारुल राहत आलिमा महिला स्व सहायता समूह की सदर और इंचार्ज मदरसा दारुल राहत आलिमा चौधरी शबनम बानो ने बताया कि 6 जुलाई तक रोजाना दोपहर में बाद नमाजे ज़ोहर से शाम को मगरिब तक यह तकरीर ताज गेस्ट हाऊस, फरीद नगर में चल रही है। जिसमें मोहम्मदी चांदनी ज़हरा, रुखसार फातिमा हसन फातिमा, नातखां प्रोग्राम कोर्डिनेटर रुबीना फातिमा, आमना फातिमा, मोबिना फातिमा, निलोफर फातिमा की तकरीर जारी है। हज्जन जुबानी नाज़, हज्जन बदरुन्निसा ताजी, अफशां अंजुम, रेशम अंजुम, मोबिना बानो और कनीज बानो सहित अन्य हैं।

### खुर्सीपार में तकरीर, पौधारोपण और सम्मान समारोह

अंजुमन हुसैनियाँ कमेटी की ओर से जोन-1, खुर्सीपार में तमाम आयोजन मौलाना सैय्यद आलमगीर अशरफ अशरफीउल जिलानी की सरपरस्ती में हो रहे हैं। जिसमें एक मुहर्रम से 9 मुहर्रम तक रोजाना सुबह 8 बजे से 10 बजे तक कुरआन ख्वानी होगी। वहीं रोजाना रात में ईशा की नमाज के बाद जामा मस्जिद दुर्ग के इमाम मो सलीम रजा की तकरीर शुरू हो गई है। इसके साथ ही 5 मुहर्रम एक जुलाई को प्रतिभावान बेटियों का सम्मान किया जाएगा। इस दिन बाद नमाज जोहर दोपहर में डेढ़ बजे आलिमा की तकरीर होगी। इसी दिन मेडिकल एवं ब्लड डोनेशन कैम्प दोपहर एक बजे से खुर्सीपार आयोजन स्थल पर होगा। 8 मुहर्रम 4 जुलाई को 3 बजे से पौधारोपण का कार्यक्रम आई टी आई रोड, जोन 1 मार्केट खुर्सीपार में होगा। इसी दिन शाम 4 बजे से सरकारी अस्पतालों में फल वितरण किया जाएगा। रात में नमाजे ईशा सैय्यद आलमगीर अशरफ की तकरीर होगी। इसके बाद उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के चुनिंदा लोगों का सम्मान किया जाएगा। रोजाना तकरीर के बाद लंगर होगा। अंजुमन हुसैनिया की ओर से हुसैन अली अशरफी ने बताया कि मुहर्रम पर निकलने वाले ताजिए के लेकर भी तैयारी जारी है।

### सेक्टर-6 में औरतों के लिए तकरीर और लंगर भी

हजरत बीबी फातमा जोहरा कमेटी की ओर से मुहर्रम पर यादे इमामे हसन हुसैन 10 रोज का औरतों के लिए तकरीकी प्रोग्राम जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल, सेक्टर-6, भिलाई में चल रहा है। 6 जुलाई तक रोजाना दोपहर में बाद नमाज जोहर से शाम को मगरिब तक जिला बस्ती यूपी मूल की फरीद नगर भिलाई निवासी आलिमा फाजिला कारिया नौरिन फातमी तकरीर कर रही हैं। वहीं 2 से 4 जुलाई तक सिमगा की आलिमा शहाना कादरी की तकरीर होगी। मुहर्रम के चाँद की 5, 7 व 9 तारीख को लंगर रखा गया है। हजरत बीबी फातमा जोहरा कमेटी की ओर से शाहीन खान, नसीम सुल्ताना, शबनम खान, अक्सा अली, रजिया बानो, शमीम अशरफी, शबनम अली, जकिया परवीन, सईदा खान, कमरून निसा, अन्जुम खान, सामरा खान, सायरा बानो, रुकसार, जायदा, कौसर कुरैशी , आयशा आलम, आयशा बेगम, ताहिरा बेगम, रुखसाना हारून, अकीला चिश्ती, रेहाना खान, सुनहरी, अजरा, सीमा बानो वारसी, रुही, सकीबा, शमशुननिसा, जरीना सहित तमाम लोग आयोजन की तैयारी में जुटे हैं।

### अहमद नगर में जिक्र शोहदाए करबला आज से

अल अशरफ फाउंडेशन भिलाई की ओर से दो रोजा अजीमुश्शान जिक्र शोहदाये करबला कॉन्फ्रेस शनिवार और रविवार को अहमद नगर, कैम्प-2 में रखी गई है। रात में ईशा की नमाज के बाद होने वाले प्रोग्राम में अल्लामा मौलाना सैय्यद नैय्यर अशरफ शिरकत करेंगे। वहीं मौलाना अहमद नक्शबंदी जुनैदी हैदराबाद तकरीर करेंगे। इस दौरान दुर्ग-भिलाई की तमाम मस्जिदों के इमाम भी मौजूद रहेंगे। मौसम को देखते हुए वाटर प्रूफ पंडाल और औरतो के लिए पर्दे का माकूल इंतेजाम किया गया है। बाद दुआ के लंगर तकसीम किया जाएगा।

## धर्म लाइव

# किडनी ट्रांसप्लांट कर मरीज हुआ स्वस्थ डॉक्टर्स को स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित



- आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को सम्मान, सफल किडनी ट्रांसप्लांट से बढ़ाया प्रदेश का गौरव

**भिलाई।** चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तीन वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। डॉ. नवीन राम दारुका और डॉ. आर. के. साहू को किडनी एवं मूत्र रोगों में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा डॉ. अनुराग चंद्राकर को हड्डी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में श्रेष्ठ सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित डॉक्टरों ने आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और जल का संतुलित सेवन कर किडनी व मूत्र रोगों से बचा जा सकता है। वहीं डॉ. आर. के. साहू ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप और नशे की आदतों को किडनी की बीमारियों का प्रमुख कारण बताते हुए समय पर जांच और सावधानी की सलाह दी। डॉ दारुका ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा दो सफल किडनी ट्रांसप्लांट किए गए हैं। यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। दोनों मरीज अब स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हैं। डॉ. अनुराग चंद्राकर को हड्डी एवं जोड़ों की सर्जरी में विशेषज्ञता के लिए सम्मान मिला। समारोह में शहर के कई वरिष्ठ चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जागरुकता रैली

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूरे, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक







**भिलाई।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भिलाई स्थित रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई नर्सिंग महाविद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की शपथ दिलाई गई और लोगों को बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और लैंगिक समानता का संदेश फैलाया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. अमनदीप कौर सहित नर्सिग कालेज के सभी स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण, लिंग चयन, लिंग आधारित हिंसा को पक्षपातपूर्ण व्यवहार की रोकथाम एवं शोषण से मुक्ति, बालिकाओं के अस्तित्व की रक्षा एवं सुरक्षा, बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार और शत प्रतिशत शिक्षा प्रदान करना है। प्राचार्या प्रो. डॉ. अमनदीप कौर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता को लेकर कहा कि इस जागरूकता अभियान में नर्सेस बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और विद्यार्थियों को उनके आने वाले समय की कार्यशैली एवं दायित्व जो समाज के प्रति सुचारू रूप से अपना योगदान दे सके इसके लिए जागरुक किया गया।

## सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल

# स्वावलंबन की दिशा में अनूठा प्रयास तीसरी बार सिलाई मशीन का वितरण




**जरुरतमंद महिलाओं को तीसरी बार वितरित होंगी सिलाई मशीनें**

**भिलाई।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बेटी बचाओ मंच दुर्ग द्वारा सोमवार को तीसरी बार सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने निरंतर कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में एक बार फिर सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल कायम करने बेटी बचाओ मंच दुर्ग के तत्वावधान में सोमवार को शाम 4 बजे से कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग में जरुरतमंद महिलाओं को आत्मर्नभर बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की जाएगी बेटी बचाव मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा द्वारा लगातार सिलाई मशीन वितरण में योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा तीसरी बार सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि महिलाएं सक्षम होकर अपने परिवार और बच्चों के साथ स्वाभिमान के साथ जी सके। इस अवसर पर ग्राम जांजगिरी के उपसरपंच गोकरण साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## समाज इवेंट

# लोक गायक तुषान्त को मिला कलाश्री सम्मान, विस अध्यक्ष ने दिया प्रशस्ति पत्र



- विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन के हाथों सम्मानित हुए लोक गायक तुषान्त

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के नौजवान लोक गायक तुषान्त बारले को लोककला के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्पीकर हाउस में सम्मानित किया। तुषांत के लोकगीत, लोकनृत्य लोकसंगीत के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और कला साधना की सराहना करते हुए स्पीकर डॉ रमन ने उन्हें कलाश्री सम्मान के साथ शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने तुषांत के कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। इस दौरान तुषांत के पिता लोककलाकार पद्मश्री डॉ. आरएस बारले भी मौजूद थे। तुषान्त बारले को इनके पहले भेंडरा गांव में मिनीमाता मूर्ति अनावरण के अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा कला साधक सम्मान, 19 जून को निकुम में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा के दौरान समिति द्वारा पूर्व विधायक गुंडरदेही बीरेंद्र साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत बालोद प्रतिभा चौधरी द्वारा उत्कृष्ट लोकगायक सम्मान, बानबरद महोत्सव 2024 में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा उत्कृष्ट पंथी गायक सम्मान दिया जा चुका है। तुषान्त बारले छत्तीसगढ़ की करमा ,ददरिया पंथी जसगीत, पचरा, भोजली, जवारा, सरहुल, शैला रिलो, सुवा गीत, फागगीत, डंडागीत और चंदैनी भरथरी सभी लोकशैली में अपनी प्रस्तुति देते हैं।

## जरुरतमंदों को मिलेगा सहारा, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**कार्नर न्यूज**

# सामाजिक सेवा करने लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, कन्या विवाह कराने ली जिम्मेदारी

**भिलाई।** जरुरतमंदों की सहायता, कन्या विवाह में मदद करने सहित निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाकर लगातार सामाजिक सेवा में सक्रियता से कार्य करने वाली लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भिलाई में किया गया। इस दौरान नए पदाधिकारियों ने सेवाकार्य करने की शपथ ली। समारोह में शपथ अधिकारी रंजना क्षेत्रपाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, चार्टर प्रेसिडेंट अनिता अग्रवाल उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर, भारतमाता और मेल्विन जोन्स के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान ध्वज वंदना और स्वागत भाषण और स्वागत गीत सदस्याओं दवरा प्रस्तुत किया गया।



### कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती



शपथ अधिकारी रंजना क्षेत्रपाल ने क्लब के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का लगन और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। जिस तरह एक बच्चा बार बार गिरकर भी उठ जाता है और धीरे धीरे अच्छे से चलना सीख जाता है उसी प्रकार हमें भी असफलता से घबराना नहीं है क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। लायन अध्यक्ष बबीता सोनी ने अपने उद्बोधन में अपनी कार्य योजना को विस्तार से बताया। चार्टर प्रेसिडेंट अनिता अग्रवाल ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सेवा के लिए ममता, नम्रता और समता का भाव जरूरी है, तभी सेवा में सुगंध आती है। जरूरी नहीं है कि हम आर्थिक रूप से ही किसी की मदद करें, कई बार हमारी आत्मीयता भरा स्पर्श भी किसी को जीवनदान दे जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब भिलाई ग्रेट के नव नियुक्त पदाधिकारियों सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना गुप्ता और आभार प्रदर्शन मंजू बंसल ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### इन्हें मिली जिम्मेदारी, ली शपथ

लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट की अध्यक्ष बबीता सोनी, सचिव अर्चना गुप्ता, कोषाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारती अग्रवाल, उपाध्यक्ष ऊषा अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, सह सचिव रितु अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष सरोज दिनोदिया, पी आर ओ सरोज अग्रवाल, टेमर बिमला अग्रवाल, टेल ट्विस्टर सुनीता बल्लेवार सहित अन्य सदस्याओं ने सेवाकार्य करने की शपथ ली।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# हजारों बीएसपी कर्मियों पर भारी पड़ रही यूनियनों की लेटलतीफी

## मान्यता यूनियन चुनाव के लिए 11 यूनियनों ने एएलसी में जमा नहीं किए दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रमिक संगठनों की लेटलतीफी अपनी समस्याओं के निदान की बाट जोह रहे हजारों बीएसपी कर्मचारियों पर भारी पड़ रही है। बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव का पिछला कार्यकाल समाप्त होने के दस महीने बीतने के बाद भी प्रबंधन से चर्चा करने के लिए कर्मियों को अपनी प्रतिनिधि मान्यता यूनियन नहीं मिल पाई है। इसकी वजह अधिकतर श्रमिक संगठनों द्वारा अब तक उप मुख्य श्रमायुक्त एएलसी के पास नियमानुसार चुनाव से संबंधित डाक्यूमेंट जमा नहीं किया जाना है।



### यह है चुनाव नियम

बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव के लिए सभी तेरह यूनियनों को सदस्यता आदि दस्तावेज एएलसी के पास जमा करना है। इसके बाद एएलसी द्वारा चुनाव कार्यक्रम व संपन्न कराने चुनाव अधिकारी( डिप्टी एएलसी) की घोषणा की जाएगी। बाद मतदाता सूची जारी होगी। एएलसी द्वारा प्रबंधन को चुनाव के लिए स्थल व व्यवस्था कराने निर्देश देंगे। मतदान केंद्रों के साथ काउंटिंग स्थल आदि में इंतजाम किए जाएंगे। इसके बाद एक दिन में चुनाव संपन्न हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में आईडी एक्ट के तहत हर दो साल में मान्यता के लिए चुनाव होने का नियम है। लेकिन पिछली मान्यता यूनियन यानी चुनाव जीतने वाली यूनियन बीएमएस का दो साल की अवधि का कार्यकाल 27 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। इसके चलते पिछले दस महीन से बीएसपी में मान्यता यूनियन का वैक्यूम बना हुआ है। दस माह बाद भी यूनियन चुनाव नहीं होने की वजह प्रबंधन की सुस्ती के अलावा एक बड़ा कारण नियमानुसार सभी श्रमिक संगठनों द्वारा एएलसी के पास अपने चुनाव से संबंधित दस्तावेज अब तक जमा नहीं किया जाना है। यूनियन सूत्रों के मुताबित 13 यूनियनों में सीटू व लोइमू सहित मात्र 2 यूनियनों ने ही दस्तावेज जमा किए हैं। जबकि महीने भर पूर्व प्रबंधन व एएलसी ने प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु कर दी है। । गौरतलब हो कि पिछला चुनाव तीन साल पूर्व हुआ था, जिसमें बीएमएस जीती थी।इसके पूर्व दो बार सीटू, एक दफा इंटक चुनाव जीत चुकी है। अब तक मान्यता यूनियन के अस्तित्व में नहीं आने से वेलफेयर व प्लांट से जुड़ी कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए कोई मान्यता यूनियन नहीं होने से कर्मचारियों को परेशानी हो रही है।

## निधन

### शैल बंछोर



रायपुर। हथखोज निवासी स्व. ताल सिंग बंछोर की पत्नी शैल बंछोर 86 वर्ष का निधन हो गया। शुक्रवार को गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे सेवानिवृत्त डीएसपी नरेंद्र बंछोर, जागेश्वर बंछोर, गीता धुरंधर, कलयाणी और कांति वर्मा की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### कमल नारायण यादव



दुर्ग। तिरगा निवासी कमलनारायण यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रूपेश कुमार यादव, रानू यादव, कविता यादव के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### मनोज कुमार देवांगन



भिलाई। मिलन चौक कैंप 2 पावर हाउस भिलाई निवासी मनोज कुमार देवांगन उम्र 41 वर्ष का निधन हो गया है।वे बिसनी देवांगन के पुत्र, नीलम देवांगन के पति, प्रतीक, आभा, आरती के पापा एवं अमित देवांगन के मामा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## सेक्टर 6 तेलुगूपारा व उड़िया बस्ती के घरों में भर जाता है बारिश में बाढ़ का पानी

# श्रमिक बस्तियों के लोगों के लिए फिर मुसीबत बनेगा गंदा नाला

### नाली की नहीं हुई वर्षा पूर्व सफाई, हर चुनाव में नेता करते हैं मकान व सफाई का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बरसात का मौसम इस बार फिर टाउनशिप की श्रमिक बस्तियों को रुलाएगा। मानसून की आहट के साथ ही झुग्गीवासियों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश पूर्व बीएसपी द्वारा नाले सफाई नहीं नहीं किए जाने का खामियाजा किनारे बसे बस्तीवासियों को भुगतना पड़ेगा । रहवासियों ने नाले की सफाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले पचास साल में कई सरकारें व जन प्रतिनिधि बदले लेकिन नही बदली तो टाउनशिप की श्रमिक बस्तियों की तस्वीर। टाउनशिप में पिछले चालीस पचास साल से सेक्टर 6 ई मार्केट से लगा तेलुगू पारा और सेक्टर 4 में बोरिया रोड के किनारे उड़िया बस्ती स्थित हैं। बस्ती के किनारे से बीएसपी का गंदा नाला गुजरता है। हर साल वर्षा के मौसम के दौरान नाले में बाढ़ आने पर नाले के किनारे के मकानों में पानी घुस जाने से रहवासियों को भारी परेशानी होती है। रहवासियों ने बताया कि हुए हर साल बीएसपी द्वारा बारिश के मौसम के पूर्व नाले की सफाई की जाती है। लेकिन इस साल नाले की सफाई नही होने से बस्तीवासियों की दिक्कतें बढ़ जाएंगी। दो तीन घंटे तेज बरसात होने पर नाला लबालब हो जाता है और पानी मलबे आदि के साथ तटवर्ती झुग्गियों में घुसने ने लगता है। नाले में झाड़ियों आदि बड़े व घने खरपतवार,प्लांट व टाउनशिप का प्रदूषित पानी,फटे टायर, झिल्लियां, जूते चप्पल आदि पटा पड़ा है। सफाई नहीं होने से बाढ़ से घरों में रखा राशन, अनाज और बच्चों के कापी किताबें भीग जाते हैं। बस्ती की गीता महानंद बताती हैं कि हम लोग यहां पच्चीस तीस साल से रह रहे हैं। हर साल बारिश में घरों में पानी भर जाने से मुसीबत से जूझना पड़ता है। जिउलाल बताते हैं कि यह नाला हमारे लिए सालभर परेशानी पैदा करता है। आठ माह भारी बदबू और बारिश में बाढ़ का सामना करना पड़ता है। नाले की सफाई नहीं होने से हम लोगों को बाढ़ की फिक्र सता रही है। सेक्टर 6 की तरह सेक्टर 4 उड़िया बस्ती में भी पानी भर जाने से परेशानी होती है। रहवासियों ने बताया कि गलियां बड़ी नाली की तरह लबालब होकर मुसीबत बन जाती हैं।




### हर चुनाव में देते हैं वोट

बस्ती में पेंटर, कारपेंटर, वेटर, खोमचे, रिक्शे व ठेले वाले, फुटपाथ विक्रेता,झाड़ू पोछा लगाने वाली बाइयां और मजदूर आदि गरीब लोग निवास करते हैं। वर्षों से चुनाव में वोट भी देते हैं। अधिकतर के पास राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड भी हैं। घरों में बिजली व नलों के कनेक्शन भी दिए गए हैं। रहवासियों ने बताया कि पीएम आवास के तहत कुछ लोगों के पास ही दूर में मकान दिए मिले हैं, जहां बुनियादी सुविधा बद्तर है। हर चुनाव में नेता नाले की सफाई, सीमेंटीकरण के साथ जीवन बदलने का वादा करते हैं लेकिन सालों बाद भी नर्क का जीवन जी रहे हैं।

### सी मार्केट की दुकानों में भरता है पानी

बारिश के मौसम में गंदे नाले के किनारे सेक्टर 6 ई मार्केट के अलावा सी मार्केट में भी पानी भर जाता है। बीएसपी के अंदर से निकलने वाला गंदा नाला सी सब्जी मार्केट और मैकेनिक लाइन से होते हुए जल कंठेश्वर मंदिर किनारे व एचएससीएल कालोनी होते हुए कोसानाला में मिलता है। बाढ़ आने से मार्केट की मैकेनिक दुकानों में भी नाले का पानी भर जाता है। व्यवसायियों ने बताया कि गंदा पानी दोपहिया वाहनों के इंजिन आदि सामानों को खराब करता है। पानी के साथ सांप, पताड़ा, जोंक, मेंढक आदि भी दुकानों में घुस जाते हैं, जिन्हें टोकनियों में भरकर फेका जाता है।

# स्मृतिनगर पुलिस ने स्पा सेंटरों को जारी किया नोटिस



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ जवाब नहीं देने वाले होंगे बंद

दुर्ग जिले में स्पा सेंटरों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। स्मृतिनगर पुलिस ने अपने क्षेत्र में संचालित होने वाले ऐसे स्पा सेंटरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अन्यथा उन्हें बंद करने की चेतावनी दी है। बता दें कि 12 दिन पहले दुर्ग पुलिस ने भिलाई से टीआई सूर्या मॉल में कई स्पा सेंटर में छापामार कार्रवाई की थी। सूर्या मॉल में 8 स्पा संचालित हैं। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बीते 14 जून को अपनी टीम और स्मृति नगर चौकी पुलिस के साथ छापा मारा था। इस दौरान पुलिस को तीन स्पा सेंटर में देह व्यापार चलाने के पूरे साक्ष्य मिले तो वहीं 5 अन्य स्पा में भी संदिग्ध गतिविधियां होना पाया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यहां से तीन लड़कों और 10 लड़कियों को गिरफ्तार किया था। इतनी बड़ी कार्रवाई होने के बाद इन अवैध स्पा को बंद नहीं कराया जा सका है। दुकान या संस्थान का संचालन के लिए गुमास्ता लाइसेंस की जरूरत होती है। यह लाइसेंस निगम जारी करता है। यदि निगम स्पा का गुमाश्ता लाइसेंस निरस्त करता है तो दुकान का संचालन नहीं हो सकता है। अब पुलिस ऐसे स्पा सेंटरों को लेकर निगम को जानकारी भेजनी की तैयारी में है।

### निगम के अधिकारी को पुलिस के पत्र का इंतजार

इस बारे में भिलाई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली से बात की तो उन्होंने कहा कि उनके पास कई स्पा के लाइसेंस रिन्युवल का आवेदन आया है। उसे वो लोग रिन्यू नहीं कर रहे हैं। लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी की जा रही है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक 22 स्पा में से 10 स्पा का गुमाश्ता लाइसेंस अवधि समाप्त हो गई है। उन्होंने लाइसेंस रिन्युअल के लिए आवेदन तो दिया है, लेकिन अभी निगम ने उसे रिन्यू नहीं किया है। इस आधार पर भिलाई शहर में 10 स्पा अवैध रूप से संचालि हो रहे हैं। स्पा सेंटर के संचालन पर रोक लगाने और उन पर कार्रवाई करने के लिए भिलाई नगर निगम के वार्ड 3 मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने शिकायत की है। उन्होंने लिखा है कि स्पा की आड़ में अवैध देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इसके बाद निगम और पुलिस ने जांच शुरू की है।

# दीवार तिरछी कहकर तलवार लहराते हुए की मारपीट, आरोपी खुले में घूम रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

राधाकृष्ण मंदिर न्यू खुर्सीपार निवासी सुरेंद्र दुबे से गाली गलौच और उनकी पत्नी गंगा देवी को थप्पड़ मारने वालों के विरुद्ध खुर्सीपार पुलिस ने धारा 296, 351(2), 115 (2), 324 (4), 3(5) के तहत आरोपी नवीन वरदानी और उसके भाई कैलाश के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 10 अप्रैल 2025 की है। घटना समय आरोपी सुरेंद्र के घर के बाहर आए और दीवार तिरछी है बोलकर विवाद करने लगे। गाली गलौच शुरू कर दी। आरोपियों ने सुरेंद्र को अभद्र गालियां दीं। वहीं आरोप है कि उनकी पत्नी गंगा को कैलाश ने थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान आरोपियों ने बाइक में तोड़फोड़ की। दरवाजे को भी तोड़ने का प्रयास किया। आरोपियों में एक ने तलवार लेकर धमकाने का भी प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया। वर्तमान में दोनों आरोपी खुले में घूम रहे हैं। पीड़ित को भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं। इसे लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



# आपातकाल में देश की स्वतंत्रता को लगा था ग्रहण, यह दिन भुलाया नहीं जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया

भाजपा कैंप मंडल में आपातकाल दिवस ब्लैक डे का कार्यक्रम जलेबी चौक स्थित मंडल कार्यक्रम में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य वक्ता के रूप में उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, सुपेला पूर्व मंडल अध्यक्ष रुपाराम साहू, विनोद चेलक सहित अन्य मौजूद थे। मंच संचालन रमाकांत ठाकुर ने किया। मीसा बंदियों में योगेन्द्र सिंह का सम्मान किया गया। विजय सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया। आकाशवाणी रेडियो स्टेशन से सूचना मिली। विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया। देश में आजादी के बाद कांग्रेस ने देश की स्वतंत्रता पर ग्रहण लगा दिया।

संजय गांधी ने नशबंदी करने का आदेश लागू किया। लोगों को पकड़-पकड़ कर नसबंदी कराई गई। वरिष्ठ नेता नर्मदा प्रसाद शुक्ला को जेल में बंद कर दिया गया। उनके परिवार को पता तक नहीं चलने दिया कि वे कहां हैं। तीन महीने के बाद में पता चला कि वो रायपुर की जेल में मीसाबंदी के तहत बंद हैं। जनसंघ के सभी बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया। इस घटना को कभी नहीं भुलाया जा सकता। कार्यक्रम में तरुण सिंह, रमाकांत ठाकुर, लतेल यादव, संजय जायसवाल, धर्मेंद्र पांडेय, नवीन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।




# बीएसपी ओए का सम्मान समारोह आज

■ 21 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान किया जाएगा

भिलाई। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह शनिवार को 6.45 बजे प्रगति भवन सिविक सेंटर में आयोजित है। 154 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिसमें से जनवरी से मई तक के 62 सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा चुका है । इस माह 21 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान किया जाएगा। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में पूरना चंद्र बेग, जीएम, विजय कुमार शर्मा, सुधाकर नंदकर, रमेश कुमार अहिरवार, सुमीता डे, सनत कुमार बाला, प्रशांत जोशी, डीजीएम सुभाष भाई पटेल, एजीएम डोमार सिंह साहू, बीजू जार्ज, जय प्रकाश पाण्डेय, प्रविन्द्र कुमार काम्बले, शांति स्वरूप मिश्रा, रजत कुमार बैनर्जी, भीमराव फूसे, प्रशांत कुमार देशपांडे, सीनियर मैनेजर, कुशांक निखाले, सीनियर ताल सिंह वर्मा, सीनियर मैनेजर, अजीत कुमार किन्डो, मैनेजर (राजहरा), अरविंद ताराचंद रामटेके, मैनेजर,गोवर्धन लाल टंडन, असिस्टेंट मैनेजर शामिल हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# मन्नम उद्यान में रखरखाव नहीं, एजेंसी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने जोन 5 सेक्टर 8 स्थित मन्नम उद्यान के संधारण एवं रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले एजेंसी को नोटिस जारी करने कहा है। आयुक्त पांडेय शुक्रवार को इस उद्यान का निरीक्षण करने गए तो वहां की स्थिति देखकर नाराज हुए। उन्होने नियुक्त एजेंसी को नोटिस जारी करने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किये, जिससे उद्यान की सुन्दरता बरकरार रहे। नगर निगम भिलाई से सेवानिवृत्त कर्मचारी विष्णु चंद्राकर एवं समिति के सदस्यों ने उद्यान के निःशुल्क देखरेख हेतु अपनी सहमति दी और हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया। समीपस्थ्य सड़क 10 उद्यान, गोल बाजार स्थित उद्यान में चल रहे घास कटिंग एवं साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण कर निर्मित मंदिर समिति को देखरेख हेतु चर्चा की गई।



### मदर टेरेसागनर व सियान सदन का भी निरीक्षण

जोन 3 मदर टेरेसा नगर एवं जोन 5 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर वार्ड क्रं. 31 में पूर्व निर्मित सियान सदन का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई, अन्य संधारण कार्य कराये जाने एवं निगम स्वामित्व का बोर्ड लगाने जोन आयुक्त सतीश यादव को निर्देशित किये। जयंती उद्यान का मुआयना कर तत्काल साफ-सफाई, आवश्यक संधारण एवं शोभायमान पौधों के रोपण कराए जाने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, वैभवकांत सेम्युवल, उप अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411